Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ●Wednesday, 10 December 2025 ●Year : 04 ●Issue : 322 ●Ranchi Edition ●Page : 12 ●Price : ₹3 ●www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

इस सभ्यता में पैदल आदमियों के संगठित समूह की कल्पना नहीं,भीड़ की कल्पना है।

-रघुवीर सहाय

Kritika Kamra Says It's A 'Privilege' To Be A Protagonist...

SHARE

सेंसेक्स	:	84,666.28
निफ्टी	:	25,839.65

SARAFA

सोना	:	12,075.00
चांदी	:	199.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

बिहार के वैशाली में बस-ऑटो की टक्कर तीन लोगों की मौत

PATNA : मंगलवार की सुबह बिहार के वैशाली जिले में हाजीपुर-लालगंज मुख्य मार्ग पर बस और ऑटो की आमने-सामने से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार हाजीपुर-लालगंज राज्य मार्ग 74 पर धनुषी गांव के पास ऑटो और बस में सीधी टक्कर हो गई। ऑटो हाजीपुर से यात्री लोड कर लालगंज जा रही थी। इसी दौरान लालगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस से ऑटो की सामने से टक्कर हो गई । इस दुर्घटना में ऑटो सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हैं।

जापान में 7.5 तीव्रता का आया भूकंप, सुनामी की दो फीट ऊंची उठीं लहरें

TOKYO : उत्तरी जापान में सोमवार की देर रात 7.5 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके कारण 33 लोग घायल हो गए और प्रशांत महासागर के तटवर्ती इलाकों में सुनामी आ गई। दो फीट ऊंची लहरें उठने लगीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जापान सरकार भूकंप और सुनामी से हुए नुकसान का अब भी आकलन कर रही है। जापान के मुख्य होन्शू द्वीप के सबसे उत्तरी प्रांत आओमोरी के तट से लगभग 80 किलोमीटर दूर प्रशांत महासागर में रात लगभग 11 बजकर 15 मिनट पर भूकंप आया था।

झारखंड पुलिस के आठ अधिकारियों को आईपीएस में प्रमोशन

RANCHI : झारखंड पुलिस सेवा के आठ पुलिस अफसरों को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में प्रमोशन को लेकर गृह मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह अधिसूचना भारतीय पुलिस सेवा प्रोन्नति अधिनियम 1955 के प्रावधानों के तहत जारी की गई है। जिन अधिकारियों को प्रोन्नति मिली है उनमें शिवेंद्र,राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार महतो, दीपक कुमार, मंजरुल होदा, राजेश कुमार.रोशन गुड़िया और श्रीराम समद शामिल हैं। इस प्रमोशन लिस्ट में शामिल तीन शिवेंद्र, राधा प्रेम किशोर और मुकेश कुमार महतो को फिलहाल प्रोविजनली शामिल किया गया है।

खंडित वैश्विक गठबंधनों के बीच भारत खुद तय करे विकास पथ : अडानी

दिग्गज उद्योगपति ने धनबाद स्थित आईआईटी-आईएसएम के 100वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम को किया संबोधित

- दुनिया भर के देश विशुद्ध रूप से अपने स्वार्थ के हिसाब से कर रहे हैं काम
- अपनी वृद्धि को बढ़ावा देने वाली ऊर्जा प्रणालियों में देश को हासिल करनी चाहिए महारत
- सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाले देश भारत को बता रहे कि कैसे करना चाहिए विकास

सपनों को हकीकत में बदलता है भारत

अडानी ने कहा कि भारत सपने नहीं बेचता, वह सपनों को हकीकत में बदलता है। उन्होंने 'कथात्मक उपनिवेशीकरण' को लेकर आगाह करते हुए कहा कि ऐतिहासिक रूप से सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाले देश अब यह बताना चाहते हैं कि भारत को किस प्रकार विकास करना चाहिए, जबकि भारत का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन विश्व में सबसे कम है। उन्होंने वर्तमान युग को आर्थिक एवं संसाधन स्वतंत्रता के लिए भारत का 'दूसरा स्वतंत्रता संग्राम' बताते हुए कहा कि देश को बाहरी दबावों के कारण अपनी आकांक्षाओं को अमान्य नहीं करना चाहिए।

50% भुगतान वाली वार्षिक इंटर्नशिप की घोषणा

अडानी ने कहा कि आईआईटी (आईएसएम), धनबाद की स्थापना के साथ एक राष्ट्रीय दूरदर्शिता का जन्म हुआ था। एक सदी से पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ब्रिटिश शासन के दौरान भी खनन एवं भूविज्ञान में भारत की क्षमताओं को विकसित करने के लिए इस संस्थान की स्थापना की सिफारिश की थी। अडानी ने आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए 50% भुगतान वाली वार्षिक इंटर्नशिप और संस्थान में अडानी 3-एस खनन उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की भी घोषणा की। अदाणी ने छात्रों से आग्रह किया कि वे निडर होकर सपने देखें, अथक परिश्रम करें। नवाचार को अपनाएं तथा भारत की संप्रभु क्षमताओं का निर्माण करने वाले मूल के संरक्षक बनकर एक आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मदद करें।

DHANBAD @ PTI : मंगलवार को अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की संप्रभुता उसकी धरती में मौजूद संसाधनों पर नियंत्रण करने पर निर्भर करती है। देश को खंडित वैश्विक गठबंधनों के बीच अपना विकास पथ खुद तय करना होगा। अडानी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइंस), धनबाद के 100वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भर के देश विशुद्ध रूप से अपने स्वार्थ के हिसाब से काम कर रहे हैं, ऐसे में भारत को अपनी वृद्धि को बढ़ावा देने वाली ऊर्जा प्रणालियों में महारत हासिल करनी चाहिए। उन्होंने कहा, 21वीं सदी में भारत की संप्रभुता, देश के प्राकृतिक संसाधनों एवं ऊर्जा प्रणालियों पर उसके नियंत्रण पर निर्भर करेगी। भारत को एक ऐसे विश्व में, जहां राष्ट्रीय आत्म-संरक्षण और वैश्विक गठबंधनों में दरार बढ़ती जा रही है, अपना विकास पथ तैयार करना होगा। अडानी ने कहा कि जब बख्तियार खिलजी ने नालंदा को जलाया था, तो उसका मकसद केवल इमारतों को नष्ट करना या पांडुलिपियों को आग लगाना नहीं था। उन्होंने कहा, उसका असली निशाना हमारी सभ्यता के आत्मविश्वास, हमारी ज्ञान प्रणालियां और विदेशी प्रभाव से मुक्त होकर स्वतंत्र रूप से सोचने की हमारी क्षमता थी। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए, क्योंकि जो सभ्यता यह भूल जाती है कि उसे कैसे तोड़ा गया, वह उठना भी भूल जाती है। अडानी ने कहा, सदियों बाद, जब अंग्रेज पहले से ही कमजोर भारत में आए, तो उन्होंने ज्ञान को नष्ट नहीं किया, बल्कि उसे अपने हिसाब से बदला।

लोकसभा में चुनाव सुधार पर हुई चर्चा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किया दावा

आरएसएस के 'प्रोजेक्ट' के तहत संस्थाओं पर किया गया कब्जा

सीईसी और ईसी की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को हटाने पर उठाए सवाल

- दिसंबर 2023 में बदल गया कानून, ताकि किसी चुनाव आयुक्त को नहीं किया जा सके दंडित
- देश के अब तक के इतिहास में किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया इस तरह का काम
- वोट का ही मतलब नहीं रहेगा, तो लोकसभा, विधानसभा या पंचायत का संभव नहीं अस्तित्व
- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- निर्धारित विषय पर बोलें नेता प्रतिपक्ष

'वोट चोरी' सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी कृत्य

राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि 'वोट चोरी' सबसे बड़ा 'राष्ट्र विरोधी' कृत्य है। भूमि आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग ऐसा कर रहे हैं। यह 'आइडिया ऑफ इंडिया' को नष्ट कर रहे हैं। राहुल गांधी ने सत्तापक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह वर्ण व्यवस्था में यकीन करते हैं और इस क्रम में खुद को सबसे ऊपर मानते हैं। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि देश 1.5 अरब लोगों का तानाबाना है, जो वोट के माध्यम से बुना हुआ है।

जांच एजेंसियों पर कब्जा करने का था लक्ष्य

राहुल गांधी के इस दावे पर सत्तापक्ष की तरफ से आपत्ति जताई गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को निर्धारित विषय पर बोलना चाहिए। जवाब देते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह विषय वोट से जुड़ा है और वह इसी आधार पर अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसके बाद जांच एजेंसियों पर कब्जा करने का लक्ष्य था। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग पर कब्जा किया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने यह आरोप भी लगाया कि निर्वाचन आयोग सत्तापक्ष में बैठे लोगों के साथ मिलीभगत करके फैसले कर रहा है और किसी भी चुनाव से पहले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के अनुसार प्रचार के लिए लंबी अवधि रखी जाती है।

देश रोहिंग्या, बांग्लादेशियों के लिए नहीं एसआईआर जरूरी : संजय जायसवाल

NEW DELHI : लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा की शुरूआत सत्ता पक्ष की ओर से पश्चिम चंपारण से भारतीय जनता पार्टी के सदस्य संजय जायसवाल ने की। उन्होंने कहा कि यह देश रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के लिए नहीं है और ऐसे में देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की प्रक्रिया जरूरी है। मतदाता सूची को अपडेट करने से जुड़ी एसआईआर का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में 35 लाख लोगों ने फॉर्म नहीं भरे इसका मतलब है कि बड़ी संख्या में घुसपैठिए थे। जयसवाल ने एक राष्ट्र एक चुनाव की पहल का भी स्वागत किया और कहा कि विपक्षी सदस्य भले ही कहें लेकिन, भारतीय जनता पार्टी को इसका लाभ नहीं मिलने वाला है।

NEW DELHI @ PTI : मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 'प्रोजेक्ट' के तहत विभिन्न संस्थाओं और निर्वाचन आयोग पर कब्जा करना शुरू कर दिया गया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति वाली चयन समिति में प्रधान न्यायाधीश को शामिल क्यों नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार ने दिसंबर 2023 में कानून बदल दिया, ताकि किसी चुनाव आयुक्त को उसके फैसलों के लिए दंडित नहीं किया जा सके। उन्होंने दावा किया कि इतिहास में किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया।

राहुल गांधी ने कहा कि अगर वोट का ही मतलब नहीं रह जाएगा तो लोकसभा, विधानसभा या पंचायत, किसी का कोई अस्तित्व नहीं रह जाएगा। कांग्रेस नेता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद इनके 'प्रोजेक्ट' का अगला हिस्सा भारत के संस्थागत ढांचे पर कब्जा करने का था। उन्होंने दावा किया, आरएसएस ने एक-एक करके संस्थाओं पर कब्जा शुरू कर दिया। सब लोग जानते हैं कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति कैसे होती है।

देश के लोगों की जिंदगी को आसान बनाना तीसरे कार्यकाल की प्राथमिकता : पीएम मोदी

- राजग संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री ने सांसदों को किया संबोधित
- सामान्य जन की सुविधा के वास्ते होने चाहिए कानून, असुविधा के लिए नहीं
- रिफॉर्म एक्सप्रेस के दौर में तेजी से बढ़ रहा भारत, स्पष्ट मंशा के साथ हो रहे सुधार

NEW DELHI @ PTI : मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस यानी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की बैठक में सांसदों को संबोधित करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्राथमिकता देश के लोगों की जिंदगी को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि कानून या नियम सामान्य जन की सुविधा के लिए होने चाहिए और उनकी वजह से किसी निर्दोष भारतीय को असुविधा नहीं होनी चाहिए। देश अब पूरी तरह रिफॉर्म एक्सप्रेस के दौर में है, जहां सुधार तेजी से और स्पष्ट मंशा के साथ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के सुधार सिर्फ अर्थव्यवस्था या राजस्व पर केंद्रित नहीं है, ये पूरी तरह से नागरिक-केंद्रित हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि सरकार का लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की परेशानियां दूर करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता से आगे बढ़ सकें।

सांसदों को पीएम ने दिए दिशा-निर्देश

बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को बहुत अच्छे दिशा-निर्देश दिए और यह संदेश दिया कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल का सबसे बड़ा मुद्दा रिफॉर्म एक्सप्रेस है। इस बैठक में राजग के सभी सांसद शामिल हुए। रिजिजू ने कहा, मैं इस बात पर बल देना चाहता हूं कि मोदी सरकार की रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है और अब यह रुकेगी नहीं। यह सुधार देश के हर नागरिक की जिंदगी बदलने के लिए है। जब हम सुधार की बात करते हैं, तो कुछ लोग इसे आर्थिक सुधार समझते हैं, कुछ राजनीतिक, कुछ प्रशासनिक या सांस्कृतिक सुधार। लेकिन सुधार का असली मतलब है-हर नागरिक के जीवन में बेहतरी है।

'जालसाजी' संबंधी याचिका पर सोनिया गांधी को नोटिस

AGENCY NEW DELHI : दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और पुलिस से मतदाता सूची में जालसाजी से नाम शामिल किए जाने के आरोपों वाली याचिका पर जवाब मांगा। याचिका में मजिस्ट्रेट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें इस आरोप की जांच से इनकार कर दिया गया था कि 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल करने से तीन साल पहले ही सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में था। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने मजिस्ट्रेट अदालत के 11 सितंबर के आदेश के खिलाफ एक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। मजिस्ट्रेट अदालत ने याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि शिकायत के आरोप अपर्याप्त तथ्य वाले और इस मंच के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए, न्यायाधीश गोगने ने मामले की अगली सुनवाई छह जनवरी के लिए सूचीबद्ध की।

इंडिगो की उड़ानों में सरकार ने कर दी पांच प्रतिशत की कटौती

AGENCY MUMBAI : मंगलवार को विमानन नियामक डीजीसीए ने परिचालन संकट से गुजर रही एयरलाइन इंडिगो को सर्दियों के दौरान अधिक मांग वाले मार्गों पर नियोजित उड़ानों में पांच प्रतिशत की कटौती करने का आदेश दिया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की सेवाओं को सुव्यवस्थित करने की कोशिश कर रहा है। कड़े सुरक्षा नियमों के लिए योजना बनाने में नाकाम रहने की वजह से इंडिगो को देश भर में हजारों उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। मंगलवार को भी इंडिगो ने 6 हवाईअड्डों से 422 उड़ानों को रद्द किया। डीजीसीए ने आठ दिसंबर के अपने आदेश में इंडिगो को बुधवार तक संशोधित उड़ान कार्यक्रम प्रस्तुत करने को कहा।

- विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कड़ी कार्रवाई का दिलाया भरोसा

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर बोले- किसी विभाग में पैसे की कमी नहीं

विधानसभा में 7721.25 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पास

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को झारखंड विधानसभा में शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन सदन में ध्वनिमत से 7721.25 करोड़ का अनुपूरक बजट पास हो गया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का सदन में जवाब शुरू होते ही बीजेपी ने वॉकआउट किया। वित्त मंत्री ने कहा कि एक अप्रैल से 30 नवंबर तक 67,696.37 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई, जिसमें 66,871 करोड़ रुपये खर्च किए गए। कुल 98.8 फीसद खर्च किया गया है। स्टेट ऑन टैक्स के लिए टारगेट 41600 करोड़ रुपये का था, जिसमें 30 नवंबर तक 23,897 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। वहीं स्टेट टैक्स से 19456 करोड़ वसूली का लक्ष्य है, जिसमें 8565.63 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है। हम आंतरिक संसाधन को मजबूत कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि 30 नवंबर तक केंद्र सरकार से केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी में 47040 करोड़ में से 30971 करोड़ रुपये ही मिले हैं। वहीं केंद्रीय अनुदान में 17057 करोड़ में 4261.70 करोड़ ही मिले हैं।

केंद्र पैसा देता तो 450 रुपये में देते गैस सिलेंडर : वित्त मंत्री ने कहा कि अगर केंद्र सरकार पैसे देती को 450 रुपये में गैस सिलेंडर भी देते। उज्जवला गैस योजना के तहत 65 लाख लाभुक हैं।

- मंत्री का जवाब शुरू होते ही सदन से वॉकआउट कर गए भाजपा के विधायक

विधानसभा में धान के एमएसपी और विधि व्यवस्था को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा

RANCHI : मंगलवार को शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन भी सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। विधानसभा परिसर में भी सरकार विरोधी नारे लगते रहे। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के विधायक विधि व्यवस्था और धान के समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर सरकार पर निशाना साधते दिखे। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार द्वारा इस साल घोषित धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2450 रुपये को नाकाफी बताते हुए किसानों से वादाखिलाफी का आरोप लगाया। सदन में प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मेडिकल काउंसलिंग में हो रही घपलेबाजी का मामला उठाया। उन्होंने सदन से मांग की कि झारखंड संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के पोर्टल को एनपीए के पोर्टल के साथ लिंक किया जाए।



जयराम महतो ने सरकार पर किया प्रहार

झारखंड विधानसभा के अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान निर्दलीय विधायक जयराम महतो ने राज्य में छात्रवृत्ति नहीं मिलने से परेशान छात्रों की स्थिति को उठाते हुए सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दो-दो साल से छात्रवृत्ति का इंतजार कर रहे युवा हताश हैं, जबकि विधायक 4.32 करोड़ रुपये की लागत से बने आलीशान आवास में रहने जा रहे हैं। इसे उन्होंने राज्य का सबसे बड़ा दुर्भाग्य कारर दिया। महतो ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार एक-दूसरे पर दोष मढ़ रही हैं, लेकिन इसकी कीमत छात्रों को नहीं चुकानी चाहिए। उन्होंने छात्रवृत्ति भुगतान तुरंत सुनिश्चित करने की मांग की, इसे आने वाली पीढ़ी के साथ अन्याय करार दिया। विधायक ने अधिकारियों की जवाबदेही पर भी कड़ी नाराजगी जताई।

सेहत की सुरक्षा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने स्टडी का बनाया प्लान

महिलाओं में थायरॉयड विकार से निजात की होगी व्यवस्था

PHOTON NEWS, RESEARCH DESK : मानव शरीर के भीतर विभिन्न कारणों से रह-रहकर स्वास्थ्य संबंधी विकार की स्थिति पैदा होना स्वाभाविक है। चिकित्सा विज्ञान में इस स्थिति के निदान के लिए लगातार रिसर्च होते रहते हैं। शरीर के भीतर हमेशा होने वाली जैविक क्रियाओं में असंतुलन के कारण स्वास्थ्य विकार पैदा होते हैं। ऐसे विकारों में थायरॉयड आज के समय आम विकार बन गया है। विशेषज्ञ डॉक्टरों के अनुसार, शरीर में आयोडीन और थायरॉयड हार्मोन की कमी या अधिकता की स्थिति में यह विकार पैदा होता है। कमी होने पर इसे हाइपोथायरॉयडिज्म और अधिकता होने पर हाइपरथायरॉयडिज्म कहा जाता है। यह स्थिति महिला या पुरुष किसी में भी हो सकती है, लेकिन महिलाओं में यह आम है और गर्भावस्था के दौरान इसकी स्थिति अधिक बनती है। इस स्थिति से निपटने के लिए और महिलाओं को इससे निजात दिलाने के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने हाल ही में बड़ी पहल की है। आईसीएमआर की ओर से गर्भवती महिलाओं में थायरॉयड विकारों पर जल्द ही राष्ट्रीय अध्ययन शुरू करने का प्लान बनाया गया है। इस अध्ययन को शुरू करने से पहले देशभर के सभी शोध संस्थानों और अस्पतालों से डेटा मांगे गए हैं। आईसीएमआर की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. तानिका लिंगदोह ने बताया कि भारत में गर्भावस्था के दौरान थायरॉयड विकार एक उभरता हुआ सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है।

व्यापक स्तर पर जानकारी हासिल करने के लिए शोध संस्थानों से मांगे गए हैं डेटा

- कारणों और परिणामों को बेहतर ढंग से समझने की तैयार होगी वैज्ञानिक प्रक्रिया
- गर्भावस्था के दौरान उत्पन्न होने वाली जटिल स्थितियों का किया जाएगा गंभीर विश्लेषण
- प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं में सबसे आम अंत:स्रावी विकारों में एक है यह बीमारी
- प्रेग्नेंसी के समय शरीर में बढ़ जाती है आयोडीन और थायरॉयड हार्मोन की डिमांड

- मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य के लिए साक्ष्य आधारित नीति बनाएगा आईसीएमआर

समय पूर्व प्रसव और बच्चे का बौद्धिक विकास

लिंगदोह के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान थायरॉयड विकारों के वास्तविक बोझ, कारणों और परिणामों को बेहतर ढंग से समझने के लिए राष्ट्रीय अध्ययन की योजना है, जिसके लिए सभी संस्थान अपने यहां पंजीकृत गर्भवती महिलाओं में हाइपोथायरॉयडिज्म का डेटा साझा करना। इस अध्ययन के आधार पर आईसीएमआर मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य के लिए साक्ष्य आधारित नीति बनाएगा।

चार बिंदुओं पर केंद्रित होगी स्टडी तय किए जाएंगे मानक

लिंगदोह का कहना है कि यह पहल गर्भवती महिलाओं में थायरॉयड विकारों की सटीक प्रचलन दर, जोखिम कारक और स्वास्थ्य परिणामों को समझने में मदद करेगी। इसके तहत देशभर से चल रहे या पूरे हो चुके प्रेगनेंसी कोहॉर्ट स्टडी, क्रॉस-सेक्शनल सर्वे और रैंडमाइज्ड कंट्रोल ट्रायल्स से डेटा मांगा गया है। यह अध्ययन चार बिंदुओं पर केंद्रित है, जिसमें भारतीय महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान हाइपोथाइरॉयडिज्म का आकलन करना है।

डिजिटल अरेस्ट का शिकार हुआ रिटायर्ड बैंक कर्मी, उड़ा लिए 51 लाख रुपये

वीडियो कॉल पर दंपती को घर में ही बना लिया था बंधक, मनी लांड्रिंग का भी दिया झांसा

PHOTON NEWS KODERMA : अब देश भर के साथ यहां के लोग डिजिटल अरेस्ट के भी शिकार हो रहे हैं। मनी लांड्रिंग का हवाला देकर कोडरमा थाना क्षेत्र निवासी रिटायर्ड बैंक कर्मी सुरेश प्रसाद गुप्ता और उनकी पत्नी से 51 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, ठगों ने खुद को दिल्ली पुलिस, सीबीआई अधिकारी और कोर्ट से जुड़ा अधिकारी बताते हुए पति-पत्नी को वीडियोकॉल के जरिए दो दिनों तक कथित रूप से डिजिटल अरेस्ट में रखा। इसके बाद बैंक खातों, एफडी, गोल्ड, शेयर समेत तमाम वित्तीय जानकारी लेकर मध्य प्रदेश के एक खाते में 51 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। तीन दिन बाद पीड़ित दंपती कोडरमा थाना पहुंचा और लिखित शिकायत दर्ज कराया।

पीड़ित सुरेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि सबसे पहले उन्हें एक महिला ने फोन कर कहा कि उनके आधार से नया मोबाइल नंबर जोड़ा गया है। यही नहीं, उसी नंबर से एक बैंक खाता खोला गया है, जिससे अवैध लेन-देन किया गया है।

पीड़ित सुरेश प्रसाद गुप्ता

इसके बाद तीन अलग-अलग नंबरों से भी फोन आया और ठगों ने खुद को दिल्ली पुलिस और सीबीआई का अधिकारी बताया। हम दोनों पति-पत्नी को लगातार वीडियोकॉल पर रखा गया। इस बीच उन्होंने किसी से बात नहीं करने की चेतावनी दी और यह भी धमकी दी कि मोबाइल फोन बंद नहीं करना है।

ठगों ने कहा कि सीबीआई के एसपी और दिल्ली पुलिस के अधिकारी तुमलोगों की अवैध लेन-देन में संलिप्तता की जांच कर रहे हैं। इस तरह से हमें हाउस अरेस्ट पर रखा गया।

फर्जी जज, फर्जी कोर्ट और गिरफ्तारी का डर : इस बीच 2 दिसंबर की सुबह ठगों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस कराया और कथित तौर पर सीबीआई कोर्ट के जज के सामने पेश किया गया।

फर्जी कोर्ट में पति-पत्नी पर मनी लांड्रिंग के आरोप बताए गए और कैश, एफडी, गोल्ड व शेयर की जानकारी मांगी गई। आदेश का पालन नहीं करने पर गिरफ्तारी और वारंट जारी करने की धमकी दी गई। पति-पत्नी ने डर के मारे अपनी सभी एफडी तोड़ कर बैंक खाते में जमा करा दी। इसके बाद ठगों के कहने पर 51 लाख रुपये मध्य प्रदेश के सेंधवा स्थित एक बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए, जिसका नाम पतिमो पीएम एस्टेट्स एलएलपी बताया गया।

जागरूकता से ही हो सकता बचाव : एसपी

कोडरमा के एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि जिले में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं, यह अफसोस की बात है। साइबर ठग लॉटरी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी नौकरी ऑफर जैसे नए-नए तरीकों से लोगों को ठग रहे हैं, इसलिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है। अपने बैंक से संबंधित कोई भी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को न दें। अनजान लिंक, ई-मेल या एप तुरंत डिलीट करें। किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या साइबर क्राइम पोर्टल cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि नुकसान रोकने की संभावना बनी रहे।

दहेज नहीं मिला तो प्रेमी ने वायरल की फोटो, पहुंचा जेल

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना अंतर्गत एक पीड़िता से सोशल मीडिया पर शादी का झांसा देकर ब्लैकमेल करने वाला आरोपी मो. शमसेर अली उर्फ मो. शमसेर आलम गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने लॉकडाउन के समय से ही फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप के माध्यम से उसके साथ बातचीत शुरू की थी। उसने शादी का वादा किया और दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही। लेकिन, जब पीड़िता के परिवार ने दहेज देने से मना किया, तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया और उसके आपत्तिजनक फोटोग्राफ को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता ने जगन्नाथपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत कासमा थाना क्षेत्र के विसम्भरपुर के स्कूली गांव से गिरफ्तार किया। उसके पास से पीड़िता के आपत्तिजनक फोटो वाला स्मार्टफोन भी बरामद किया गया है।

BRIEF NEWS

मोबाइल छिनतई का आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

LATEHAR : महुआडांड़ थाना की पुलिस ने मोबाइल छिनतई के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। 19 वर्षीय आकिब अली नामक युवक गुड़गुटोली का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर एक राहगीर का मोबाइल फोन छीन लिया था। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और आकिब अली को पकड़ लिया। उसे न्यायिक हिरासत में लातेहार मंडल कारा भेज दिया गया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि इस घटना में दो अन्य युवक भी शामिल थे, जिनकी पहचान जरहाटोली निवासी साहिल उर्फ चिल्ड और अंबवाटोली निवासी खलील अंसारी के रूप में हुई है। दोनों फरार हैं। पुलिस जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लेगी।

सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे भू-माफिया

RAMGARH : जिले में भू माफिया काफी सक्रिय हो गए हैं। भू माफिया अधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर उनके पीठ पीछे सरकारी जमीन पर अपना कब्जा जमाने का प्रयास कर रहे हैं। समाहरणालय के समीप छत्तरमांडू में वात्सल्य धाम के सामने ऐसे ही एक गैर मजरूर जमीन को हड़पने का प्रयास किया जा रहा था। अंचल अधिकारी रमेश रविदास को जैसे ही भू-माफियाओं की हरकतों का पता चला उन्होंने कार्रवाई की। सबसे पहले उन्होंने जीएम लैंड पर चलाए जा रहे जेसीबी का काम रुकवाया। इसके बाद दस्तावेजों की मांग की। साथ ही जांच पूरी होने तक किसी भी प्रकार का काम नहीं करने का आदेश दिया।

बिरसा कॉलेज में पीजी के बैच को दी गई विदाई

KHUNTI : बिरसा कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में मंगलवार को स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सेमेस्टर के छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। जितेंद्र, मनीष, अनामिका, स्मृति, मनीषा, प्रतिभा, फूलमनी सहित कई छात्रों ने शानदार नृत्य और गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान विदाई लेने वाले छात्रों ने कॉलेज में बिताए अनमोल पलों को याद कर अपने अनुभव साझा किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रो सीके भगत ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। वहीं विभाग के राजकुमार गुप्ता ने छात्रों को सामाजिक दायित्व निभाने और निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष प्रो जया भारती कुजूर ने पूर्व छात्रों के रूप में कॉलेज से जुड़े रहने का आग्रह करते हुए भविष्य के लिए बधाई दी। इस मौके पर स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर के रूप में दीक्षा कुमारी और प्रमोद महतो को सम्मानित किया गया। दीक्षा को कॉलेज के लिए कई बार विश्वविद्यालय स्तर पर पुरस्कार दिलाने की उपलब्धि पर और प्रमोद को अनुशासन और विभागीय गतिविधियों में सक्रिय योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

डीसी ने की पर्यटन व खेल के कार्यों की समीक्षा

RAMGARH : जिला एवं प्रखंड स्तर पर इनडोर और आउटडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाना है। जिला खेल पदाधिकारी पर्यटन विकास और खेल विकास को ध्यान में रखकर तत्परता दिखाएं। वे स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि की रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए अंचल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करें। यह बातें मंगलवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने पर्यटन विकास एवं जिला खेल कार्यालय की ओर से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। बैठक के दौरान जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने डीसी को बताया कि विभागीय स्तर से जिला और प्रखंड स्तर पर इनडोर एवं आउटडोर स्टेडियम निर्माण किया जाना है।

केंदुआडीह में गैस रिसाव जारी असुरक्षित क्षेत्र का लगा नोटिस



DHANBAD : केंदुआडीह की राजपूत बस्ती और आसपास के इलाके में जहरीली गैस का रिसाव बंद नहीं हुआ है। इसी बीच बीसीसीएल प्रबंधन ने क्षेत्र में असुरक्षित क्षेत्र का नोटिस लगा दिया है। इसके माध्यम से लोगों को सचेत किया गया है कि वे जल्द से जल्द इलाका खाली कर दें, लेकिन कुछ लोग अब भी यहां से जाने के लिए राजी नहीं हैं। बीसीसीएल के पुटकी-बलियाडीह क्षेत्र के केंदुआडीह कोलियरी प्रबंधन के उस नोटिस से बताया है कि गैस रिसाव रोकने को लेकर बीसीसीएल के सारे कार्य विफल हैं और अब एकमात्र विकल्प यहां से लोगों को हटाना है। बीसीसीएल प्रबंधन के इस नोटिस के बाद से लोगों में और अधिक आक्रोश देखने को मिल रहा है। राजपूत बस्ती निवासी सदानंद बोस ने कहा कि हम हटने को तैयार हैं, लेकिन प्रबंधन आरआर पॉलिसी के तहत उन्हें विस्थापित करे और पुनर्वास की व्यवस्था करे। उन्होंने कहा कि सिर्फ डर दिखाकर प्रबंधन किसी को नहीं हटा सकती है।

संत जोसेफ स्कूल में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

KHUNTI : जिले के तोरपा प्रखंड के कामडा स्थित संत जोसेफ क्लासंस स्कूल में मंगलवार को गूंज संस्था और संभव ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा दो से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को रीसायकल्ड कपड़े से बने स्कूल किट-बैग और पुनः उपयोग की गई नोटबुक वितरित की गईं। यह पहल बच्चों को सतत जीवनशैली अपनाने और संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का सार्थक प्रयास है। विद्यालय परिसर में हाल ही में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता से किचन गार्डन भी विकसित किया गया है। इस माध्यम से ग्रामीण परिवेश से आने वाले बच्चों को विद्यालय में ही स्वच्छ, ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचे अडानी 'नई उड़ान कैफे' का किया उद्घाटन

PHOTON NEWS DHANBAD : झारखंड के धनबाद में स्थित पहला कदम स्कूल और नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट दिव्यांग बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरे हैं। दिव्यांग बच्चों के जीवन को संवारने के लिए इन संस्थानों को अब गौतम अडानी का साथ मिला है। अडानी समूह के चेयरमैन और दुनिया के जानेमाने उद्योगपति गौतम अडानी ने धनबाद में नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट और 'पहला कदम स्कूल' जाकर दिव्यांग बच्चों के लिए किए जा रहे काम को सराहा और मदद का संकल्प लिया। उन्होंने इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष रूप से विकसित 'नयी उड़ान कैफे' का उद्घाटन किया। इस कैफे का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को खाने-पीने के समान बनाने के लिए वोकैशनल ट्रेनिंग प्रदान करना है,


दिव्यांग बच्चों के साथ गौतम अडानी

ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में अपनी अहम भूमिका निभा सकें। इस मौके पर गौतम अडानी ने दिव्यांगों को मिलने वाली सुविधाओं में बढ़ोतरी में सहयोग देने का संकल्प लिया। उन्होंने अगले 3 साल तक संस्थान को लगातार सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई।

मिलेगी सपनों को उड़ान : 'नयी उड़ान कैफे' में दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे कैफे संचालन, खाना बनाने, सर्विंग, और अन्य संबंधित कौशल सीख सकें। यह प्रोग्राम बच्चों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देगा। पहला कदम स्कूल में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे बेहद गरीब परिवारों से आते हैं। स्कूल न सिर्फ विशेष शिक्षा, बल्कि फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, व्यावसायिक प्रशिक्षण, जीवन कौशल, और स्वास्थ्य सेवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराता है। यहां के बच्चे राष्ट्रीय स्तर की पैरा-स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। गौतम अडानी ने दिव्यांग बच्चों से बातचीत की और उनकी भावनाओं को सुना। बच्चों ने उत्साह के साथ अपने अनुभव और उम्मीदें उनके साथ साझा की।

मेदिनीनगर नगर निगम कर्मियों ने की भूख हड़ताल, दिया धरना

अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करते नगर निगम कर्मी

AGENCY PALAMU : मेदिनीनगर नगर निगम के कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर निगम परिसर में एक दिवसीय भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन किया। यह आंदोलन झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लॉइज फेडरेशन के बैनर तले आयोजित किया गया। कर्मचारियों की पांच प्रमुख मांगों में दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का नियमितीकरण, वेतन संरचना में सुधार, सेवा शर्तों में स्पष्टता और व्यवहारिकता, पदोन्नति नीति लागू करना और कार्यस्थल पर सुविधाओं में बढ़ोतरी करना शामिल है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने कई बार आश्वासन दिया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा कर्मचारियों ने बताया कि वे शहर की साफ-सफाई, जल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और अन्य नगर निगम सेवाओं को सुचारू रूप से चलाते हैं, परंतु उन्हें उचित वेतन व सुरक्षा नहीं मिल रही है। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते नगर निगम का सामान्य कामकाज ठप हो गया। विभिन्न विभागों में काम बंद रहने से कार्यालय में पहुंचे लोगों को वापस लौटना पड़ा। बंद काउंटरों और अनुपस्थित अधिकारियों के कारण आम नागरिकों को सेवाओं से वंचित होना पड़ा। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विशुन राम ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार जल्द समाधान नहीं निकालती है तो वे कार्य बहिष्कार और अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे पीछे नहीं हटेंगे।

चलती ट्रेन के सामने कूदा युवक, मौत

GIRIDIH : झारखंड के गिरिडीह जिले के पचम्बा उप नगर थाना इलाके के हरीचक में मंगलवार की सुबह पटरी पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई है। युवक की पहचान प्रकाश दास (30) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक ने गिरिडीह-कोडरमा रेलखंड में चलती ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दी है। इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के पिता टूपलाल दास और पत्नी अपने बच्चों के साथ मौके पर पहुंची । देखा कि प्रकाश का शव पटरी पर पड़ा है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद घटनास्थल पर पचम्बा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में जांच पड़ताल कर रही है। युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान क्यों दी है इसके कारणों का अबतक पता नहीं चल पाया है । इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है हालांकि चर्चा है कि घर में संपत्ति बंटवारे को लेकर कुछ विवाद हुआ था आंशका है कि इसी से नाराज होकर युवक ने यह कदम उठाया है। प्रकाश की मौत के बाद पूरा परिवार गमगीन है।

खूंटी में आठवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

KHUNTI : सदर थाना के सामने स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (बालिका) में पढ़ने वाली आठवीं कक्षा की छात्रा फुलमनी नाग ने मंगलवार को फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फुलमनी मूल रूप से अड़की प्रखंड की बिरबांकी पंचायत के इचाकुटी गांव की रहने वाली थी। उसके पिता जीवन नाग खूंटी के अमृतपुर मोहल्ले में चम्पक कुम्हार के मकान में किराये पर रहते हैं और अपने बच्चों की पढ़ाई कराते हैं। फुलमनी ने इसी किराये के घर में फांसी लगा ली। मामले के संबंध में सांसद प्रतिनिधि पीटर मुंडू ने परिजनों से बातचीत की। परिजनों ने बताया कि फुलमनी पिछले 22-23 नवंबर से स्कूल नहीं जा रही थी और अक्सर गुमसुम रहती थी। एक दिन उसकी बहन ने उससे कहा था कि यदि स्कूल जाना है तो जाओ, अन्यथा गांव लौट जाओ। मंगलवार को जब उसके भाई-बहन स्कूल से लौटे, तो उन्होंने देखा कि फुलमनी का शव घर में फंदे से लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुटे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है कि छात्रा ने यह कदम क्यों उठाया।

ज्योतिष गणना 28 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि व कोहरे का रहेगा प्रकोप, सताएगी महंगाई

16 दिसंबर से शुरू होगा खरमास, एक महीने तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

AGENCY CHATRA : हिंदू धर्म में खरमास के महीने को शुभ कार्यों के लिए वर्जित माना गया है। पंडित सचिन पांडेय ने बताया कि ज्योतिषीय गणना के अनुसार, जब सूर्य देव धनु राशि या मीन राशि में प्रवेश करते हैं, तो उस काल को खरमास या मलमास कहा जाता है। इस दौरान कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है। साल 2025 में खरमास की शुरूआत 16 दिसंबर से होने वाली है, जिससे शादी-विवाह, गृह प्रवेश और मुंडन जैसे सभी शुभ कार्यों पर एक महीने के लिए रोक लग जाएगी। पंचांग के अनुसार, सूर्य देव 16 दिसंबर 2025 को धनु राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करते ही खरमास की शुरूआत हो जाएगी। यानी पूरे एक महीने तक मांगलिक कार्यों के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं रहेगा। मकर संक्रांति के दिन सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही खरमास समाप्त हो जाएगा और फिर से शुभ कार्य शुरू किए जा सकेंगे। इस संबंध में आचार्य चेतन पांडे ने बताया कि पौष मास हिंदू पंचांग का दसवां महीना होता है। इसकी शुरूआत मार्गशीर्ष पूर्णिमा के अगले दिन से होती है।

इस बार पौष महीने की शुरूआत 5 दिसंबर दिन शुक्रवार से हुआ है। इसे पूष का महीना भी कहा जाता है। धार्मिक दृष्टि इसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। उन्होंने बताया कि इस दौरान पितरों की शांति के लिए दान और सेवा विशेष फलदायी माना जाता है। यह महीना विशेष रुप से सूर्य देव से जुड़ा हुआ है, इसलिए भगवान सूर्यदेव की आराधना के लिए इसे अत्यंत पवित्र माना गया है।

पौष माह में सूर्य उपासना करने से सौभाग्य और स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। इस महीने में भागवत कथा, रामायण पाठ, आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ, महामृत्युंजय मंत्र का जप व अन्य वैदिक मंत्रों का जप-तप और सत्संग करने से पाप क्षय होता है। पौष माह में कई प्रमुख व्रत और पर्व मनाए जाते हैं। इसमें सफला एकादशी, संकष्टी चतुर्थी, मासिक शिवरात्रि, प्रदोष व्रत और पौष अमावस्या विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। अमावस्या, संक्रांति, पूर्णिमा और एकादशी पर पितरों का श्राद्ध, तर्पण और दान करना शुभ माना गया है। इससे पितृ दोष दूर होता है और जीवन की परेशानियां कम होती हैं।

इस साल पौष माह 5 दिसंबर 2025 दिन शुक्रवार से शुरू हुआ है और इसकी समाप्ति 3 जनवरी 2026 शनिवार को होगी। पौष महीना इस बार पूरे 30 दिनों का होगा। हालांकि शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा तिथि 2 दिन रहेगा, जबकि अष्टमी और नवमी तिथि एक ही दिन भोग करेगा। पौष महीने में यत्र-तत्र वर्षा होगी। इस महीने पांच शुक्रवार शुभ फलकारक हैं। धनु राशि की सूर्य संक्रांति मंगलवारी है।

ऐसे में किराना की वस्तुओं में महंगाई बढ़ेगी। 28 दिसम्बर से लेकर 14 जनवरी के आसपास ओला, पत्थर, बेमौसम बारिश और कोहरा से जनजीवन प्रभावित होगा।

पौष माह में क्या करें - क्या नहीं करें

पौष आध्यात्मिक रुप से जप-तप का मास है। इसलिए इस अवधि में मांसाहार और शराब का सेवन पूर्ण रूप से त्याग देना चाहिए। इस अवधि में बैंगन, मसूर की दाल, कोहड़ा, मुली, जैसे भोजन का सेवन अशुभ माना जाता है। इनसे परहेज करना चाहिए। पौष मास में ताजे फल, सब्जियां, दूध, दही और शुद्ध सात्विक भोजन का सेवन करना उत्तम माना जाता है। तामसिक और भारी भोजन से दूरी रहें। इस अवधि में तप, जप और साधना करें। विवाह, गृह प्रवेश या अन्य मांगलिक कार्य इस महीने नहीं किए जाते हैं। यह अवधि आध्यात्मिक उन्नति के लिए विशेष शुभ माना जाता है। वहीं 5 दिसंबर दिन शुक्रवार से पौष महीने का भले ही शुरूआत हो रही है, लेकिन खरमास 16 दिसंबर से शुरू होगा। खरमास धनु की संक्रांति में लगता है। यह एक महीने तक चलता है। इस बार धनु की संक्रांति 16 दिसंबर दिन मंगलवार को है। 2026 में 14 जनवरी दिन बुधवार की रात में भगवान सूर्य के धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा। इसके बाद पूरे 1 महीने के बाद एक बार फिर से शादी विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों के शुभ मुहूर्त शुरू होंगे।

BRIEF NEWS

रोटरी क्लब ऑफ रांची ने समागम में मुख्यमंत्री को किया आमंत्रित

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से मंगलवार को रोटरी क्लब ऑफ रांची के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के क्रम में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आगामी डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस समागम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। यह कांफ्रेंस 19 दिसंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, अनिल सिंह, रेखा सिंह तथा रश्मि अग्रवाल शामिल थे। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने का आश्वासन दिया। उन्होंने रोटरी क्लब के सदस्यों को आगामी तीन दिवसीय सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दी।

23 जनवरी को पहाड़ी मंदिर में होगा भोले बाबा का तिलकोत्सव

RANCHI : रांची पहाड़ी बाबा का तिलकोत्सव 23 जनवरी को मनाया जाएगा। शिव भक्तों की ओर से पहाड़ी बाबा को नेगचार के साथ तिलक चढ़ाया जाएगा। यह कार्यक्रम पहाड़ी मंदिर में सुबह आठ बजे से शुरू होगा। महोत्सव के बाद श्रद्धालुओं के बीच भंडारा का वितरण होगा। वहीं, शाम साढ़े सात बजे से महाआरती होगी। इससे पहले 20 जनवरी को सुबह 11 बजे से महामंत्रों के जाप के साथ पहाड़ी बाबा का महारुद्राभिषेक अनुष्ठान होगा।

अवैध हथियार रखने के मामले में 4 लोगों को 10 साल की सजा

RANCHI : अवैध हथियार रखने के गंभीर मामले में न्यायालय ने 1 महिला समेत चार आरोपियों को 10-10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई हैं। सभी पर अलग-अलग धाराओं में कुल 35-35 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया हैं। जुर्माना नहीं भरने पर प्रत्येक आरोपी को 6-6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 26 मार्च 2018 को कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में नबील अख्तर, मुबारक अंसारी, जाहिर अंसारी और रजिया खातून को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया था। सभी आरोपी हिंदपीढ़ी निवासी मुस्ताक के घर में किराए पर रह रहे थे। पुलिस ने घर में तलाशी ली, जिसमें एक बोरा में रखा 1 एके-47, 3 मैगजीन, 6 देशी पिस्तौल, 56 जिंदा कारतूस और 250-250 ग्राम के दो थैले विस्फोटक सामान बरामद किया गया था।

झारखंड में खेल के क्षेत्र में मौजूद हैं अपार संभावनाएं : हेमंत सोरेन

चैंपियन बनने के बाद मुख्यमंत्री से झारखंड की अंडर-14 फुटबॉल टीम ने की मुलाकात

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा में झारखंड की अंडर-14 बालक फुटबॉल टीम ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने टीम के सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और सहयोगियों को राष्ट्रीय चैंपियन बनने पर हार्दिक बधाई दी। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

सरकार की खेल नीतियों से युवाओं को मिल रही प्रेरणा

उन्होंने आगे कहा कि राज्य के युवाओं की प्रतिभा और समर्पण झारखंड के गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह उम्मीद जताई कि इसी प्रकार झारखंड के खिलाड़ी भविष्य में भी खेल जगत में नए आयाम स्थापित करेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के उमरिया में 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित 69वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की अंडर-14 बालक फुटबॉल टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब अपने नाम किया था। फाइनल मुकाबले में झारखंड ने रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में पंजाब को 6-5 से पराजित कर यह गौरव हासिल किया। यह प्रतियोगिता झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के बैनर तले आयोजित हुई थी। खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान बताया कि राज्य सरकार की खेल नीतियों और प्रोत्साहन योजनाओं से उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रेरणा मिल रही है।

झारखंड की अंडर-14 फुटबॉल टीम से मुलाकात करते सीएम हेमंत सोरेन

सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात करता भारतीय खो-खो महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

मार्च में आयोजित की जाएगी प्रथम कॉमनवेल्थ खो-खो प्रतियोगिता

मुख्यमंत्री से विधानसभा में भारतीय खो-खो महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर कॉमनवेल्थ खो-खो महासंघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष आगामी 9 से 14 मार्च 2026 तक रांची में आयोजित होने वाली प्रथम कॉमनवेल्थ खो-खो प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार-विमर्श किया और राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बता दें कि 2026 में झारखंड को एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी मिलने जा रही है। यह प्रतियोगिता झारखंड की धरती पर आयोजित होने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय खो-खो स्पर्धा होगी। जिसमें 23 देशों के बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधिमंडल में कॉमनवेल्थ खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल, अंतरराष्ट्रीय तकनीकी सचिव एमएस त्यागी और महासचिव उपकार सिंह विरक शामिल थे। राज्य स्तरीय प्रतिनिधियों में विधायक और झारखंड राज्य खो-खो संघ के महासचिव मथुरा प्रसाद महतो, संरक्षक विधायक सीपी सिंह, संघ के चेयरमैन संतोष प्रसाद, महासचिव नवीन कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष विनय कुमार जायसवाल, समेत अन्य मौजूद थे।

एक्शन के विरोध में सुबह से शाम तक मैदान में जमे रहे लोग

रिम्स कैंपस में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज, फिर चला बुलडोजर

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश के बाद रिम्स प्रबंधन और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई शुरू कर दी है। लगातार अतिक्रमण हटाने का काम जारी है। वहीं अवैध निर्माण पर प्रशासन का बुलडोजर चल रहा है। कई जगहों पर स्थाई स्ट्रक्चर को गिराया भी गया। हालांकि कार्रवाई के दौरान आसपास में रहने वाले लोग मैदान में सुबह से शाम तक जमे रहे। वहीं सुरक्षा को लेकर पुलिस बल को तैनात किया गया है। बरियातू थाना के पीछे बने झोपड़ी और गुमटियों को हटाया गया है। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों का आरोप है कि उन्हें अपना ढांचा हटाने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। विरोध के बावजूद टीम बिना रुके अतिक्रमण हटाने में जुटी रही। प्रशासन की ओर से बताया गया कि लोगों के घरों और संरचनाओं पर नोटिस चिपकाया गया था। इसके बावजूद लोगों ने अवैध निर्माण को नहीं हटाया।

डीआईजी ग्राउंड में अपार्टमेंट की गिराई गई अवैध बाउंड्री

रिम्स कैंपस में तोड़े गए ढांचे

समान कार्रवाई की उठी आवाज

विरोध कर रहे लोगों ने टीम पर आरोप लगाया कि वे बड़े लोगों के निर्माण पर कार्रवाई नहीं कर रहे है। जबकि उनका निर्माण भी अवैध है। अगर कार्रवाई हो रही है तो सभी पर समान रूप से होना चाहिए। इस ठंड में लोगों के घरों को उजाड़ा जा रहा है। कंपाने वाली ठंड में हमलोग कहां जाएंगे। इसके अलावा लोगों ने कहा कि हटाने से पहले रहने की व्यवस्था भी प्रशासन को करनी चाहिए। वहीं जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि अगले दस दिनों में रिम्स की पूरी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कर लिया जाएगा।

तत्काल व्यवस्था बदलने की मांग

पुजारी के मंदिर परिसर में नहीं रहने से सुरक्षा भी प्रभावित हुई है। बरियातू क्षेत्र के महावीर मंडल के अध्यक्ष राजकिशोर, प्रकाश चंद्र सिन्हा और नवेंदु उपाध्याय ने रिम्स प्रशासन से तत्काल व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुजारी के आवास हटने के बाद से बरियातू शिव मंदिर, रिम्स स्टाफ क्वार्टर मंदिर, मिलन चौक हनुमान मंदिर समेत रिम्स परिसर के अन्य मंदिरों में भगवान को निर्धारित समय पर भोग नहीं लग पा रहा है और न ही आरती की जा रही है।

मंदिरों की सुरक्षा पर पड़ रहा प्रभाव

रिम्स परिसर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान ने तूल पकड़ लिया है। वहीं इसका असर अब कैंपस स्थित मंदिरों की सुरक्षा पर दिख रहा है। लोगों का कहना है कि अवैध अतिक्रमण हटाने को समर्थन है। लेकिन जिन लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है उस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। वहीं मंदिर की सुरक्षा पर भी रिम्स प्रबंधन से हस्तक्षेप की मांग की गई है। अतिक्रमण हटाने के क्रम में मंदिरों के पुजारी के आवास को भी हटा दिया गया, जिसके बाद से मंदिरों में नियमित पूजा-पाठ, भोग और सुबह-शाम की आरती बाधित हो गई है। महावीर मंडल के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में किसी भी मंदिर में कोई घटना या क्षति होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी रिम्स प्रशासन की होगी। उन्होंने मांग की है कि मंदिरों में पुजारी के रहने, पूजा-पाठ की नियमित व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। जिससे कि धार्मिक गतिविधियां पूर्व की तरह सुचारू रूप से चल सकें।

झारखंड शराब घोटाला : ईडी ने आरोपियों से जेल में की पूछताछ

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाले में गिरफ्तार आरोपियों से ईडी ने पूछताछ की। ईडी की एक टीम होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार पहुंची, जहां उसने एसीबी द्वारा गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों महेश सीताराम, परेश ठाकोर, विक्रम ठाकोर, बिपिन जाधवभाई परमार और जगन ठाकोर देसाई से पूछताछ की। ईडी ने इससे पहले पीएमएलए की विशेष अदालत में आवेदन देकर इन आरोपियों से पूछताछ की अनुमति मांगी थी। अदालत की मंजूरी मिलने के बाद एजेंसी ने जेल परिसर में ही पूछताछ की कार्रवाई पूरी की। सभी आरोपी एसीबी द्वारा कांड संख्या 9/25 के तहत गिरफ्तार किए गए थे और फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। एजेंसी ने अदालत में दिए आवेदन में कहा था कि एसीबी की प्रारंभिक जांच (पीए-3/2024) में यह सामने आया कि मेसर्स विजन हॉस्पिटैलिटी एंड कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्यूरिटी प्राइवेट लिमिटेड ने फर्जी बैंक गारंटी का इस्तेमाल कर शराब का कारोबार किया और सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया। जांच में पता चला कि विजन हॉस्पिटैलिटी एंड कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड ने 5.35 करोड़ रुपये और मार्शन इनोवेटिव सिक्यूरिटी प्राइवेट लिमिटेड ने 5.02 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी प्रस्तुत की थी। आरोपियों में महेश सीताराम विजन हॉस्पिटैलिटी एंड कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं, जबकि परेश ठाकोर, विक्रम ठाकोर और बिपिन जाधवभाई परमार कंपनी के निदेशक मंडल में शामिल हैं। वहीं,मार्शन इनोवेटिव सिक्यूरिटी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जगन ठाकोर देसाई हैं। गौरतलब है कि एसीबी ने मई माह में घोटाले की प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद प्राथमिकी दर्ज की थी।

कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव और मंत्री इरफान अंसारी भिड़े, स्पीकर को देना पड़ा नियमन

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन उस समय नाटकीय हो गया, जब सत्ताधारी महागठबंधन के दो प्रमुख चेहरे, कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव और कांग्रेस कोटे के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया के मरीजों के इलाज को लेकर एक-दूसरे पर व्यक्तिगत हमले करने लगे। ध्यानाकर्षण सूचना के दौरान शुरू हुई बहस इतनी गरमा गई कि स्पीकर रबींद्र नाथ महतो को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ा और अंत में दोनों नेताओं को चैंबर में बैठकर बात करने की सलाह देनी पड़ी। प्रदीप यादव ने सबसे पहले आंकड़े पेश किए। कहा - राज्य में करीब 11 हजार बच्चे इन तीनों गंभीर रक्त विकारों से पीड़ित हैं। इन्हें हर महीने एक से दो बार ब्लड ट्रांसफ्यूजन चाहिए। लेकिन, न तो राज्य में ब्लड सेपरेशन यूनिट की पर्याप्त व्यवस्था है, न ही निःशुल्क इलाज की ठोस नीति। परिजन रांची से रायपुर, रायपुर से दिल्ली भटकते रहते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए लड़कों को 15 लाख और लड़कियों को 18 लाख देती है। कर्नाटक 20 लाख, बिहार-ओडिशा 15 लाख तक देते हैं। प्रदीप यादव ने चार सवाल दागे, मरीजों का सही सर्वे है। निःशुल्क इलाज की व्यवस्था क्या है। ब्लड डोनर को चिन्हित करने का कोई प्लान है। केंद्र से मिलने वाली 10 लाख रुपये की मदद का क्या हुआ। जवाब देने के लिए जैसे ही इरफान अंसारी खड़े हुए, उन्होंने पहले पुराना हिसाब चुकता किया। कल माननीय सदस्य ने हंसडीहा अस्पताल में 25 करोड़ के उपकरण चोरी का मामला उठाया था।

छात्र अधिकार पदयात्रा विधानसभा पहुंचने से पहले रोकी गई, हंगामा

RANCHI : जेएलकेएम के नेतृत्व में निकाली गई छात्र अधिकार पदयात्रा में मंगलवार को उस समय हंगामा मच गया, जब विधानसभा परिसर से पहले ही पुलिस प्रशासन ने इसे रोक दिया। यह पदयात्रा पार्टी के नेता देवेंद्र नाथ महतो की अगुवाई में निकाली गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र, युवा और संगठन के कार्यकर्ता शामिल थे। पदयात्रा जैसे-जैसे विधानसभा की ओर बढ़ रही थी, प्रतिभागियों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा था। लेकिन विधानसभा से पहले ही सुरक्षा बलों ने बैरिकेड लगाकर यात्रा को आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और मौके पर जमकर हंगामा किया।

निगम का अभियान फेल, रोड किनारे फिर से सज गईं दुकानें

PHOTON NEWS RANCHI : रांची नगर निगम ने राज्य स्थापना दिवस से पूर्व पूरे शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। इस दौरान राजधानी की प्रमुख सड़कों से युद्धस्तर पर अतिक्रमण हटाया। वहीं दुकानें जब्त भी की गई थीं। लेकिन, कुछ दिनों के बाद ही व्यवस्था बेपटरी हो गई है। रोड किनारे फिर से वेंडरों ने कब्जा जमा लिया है। फुटपाथ पर उन्होंने पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। इस वजह से पैदल चलने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं हर समय उन्हें गाड़ियों से धक्का लगने का डर सताता रहता है।

रोड साइड दुकान लगाने वाले वेंडरों को हटाकर नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने बड़े-बड़े बोलार्ड लगाए थे। जिससे कि वहां पर दोबारा दुकानें न लगाई जा सके।

लेकिन, वेंडरों का मन इतना बढ़ चुका है कि उनलोगों ने बोलार्ड को हटा दिया। इसके बाद वहीं पर दुकान लगाकर कारोबार कर रहे है। इसके बावजूद नगर निगम इन वेंडरों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिससे साफ है कि निगम की इंफोर्समेंट टीम अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल आई वाश करती है।

छात्रवृत्ति पर केंद्र से गुहार लगाने दिल्ली जाएगी राज्य सरकार

RANCHI : लंबित छात्रवृत्ति को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। एक तरफ इसको लेकर सियासत तेज है, वहीं दूसरी ओर राज्य के लाखों छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिलने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर, विपक्ष के सवालों से घिरा कल्याण विभाग की स्थिति सांप-छछूंदर वाली हो गई है। काफी जद्दोजहद के बाद इस साल जो प्री मैट्रिक के ओबीसी छात्रों के लिए केंद्रीय मद से 4 करोड़ मिला है, वह राशि भी केंद्र को वापस होनेवाली है और राज्य सरकार को नए सिरे से समय-समय पर छात्रवृत्ति की राशि की मांग केंद्र से करनी होगी। तकनीकी प्रावधान के तहत केंद्रीय मद की राशि जब तक राज्य को नहीं मिलेगी, तब तक वित्त विभाग राज्य मद से छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं कर सकता है।

नई पहल नगर निगम प्रशासक ने की मीटिंग, कहा- बस स्टैंड और बाजारों का होगा विकास

अवैध कॉमर्शियल एक्टिविटी पर पूरी तरह लगाई जाएगी रोक

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को रांची नगर निगम में प्रशासक की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें शहर के राजस्व सृजन, अवैध कॉमर्शियल एक्टिविटी पर रोक, बस स्टैंडों और बाजार परिसंपत्तियों के विकास से जुड़े अहम निर्णय लिए गए। बैठक में बाजार शाखा द्वारा राजस्व कलेक्शन से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिया गया कि नगर क्षेत्र में लगे सभी होर्डिंग्स और मोनोपोल्स का भौतिक निरीक्षण, नंबरिंग और डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाए। निरीक्षण रिकार्ड में प्रत्येक साइट का सटीक स्थान, परमिशन साइज, स्वीकृत अवधि, आवंटी या एजेंसी का नाम और बकाया राशि का विवरण अपडेट करे। वहीं अनधिकृत और नियमों के विरुद्ध स्थापित संरचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया।

बकाएदारों पर होगी कड़ी कार्रवाई : नगर निगम ने स्पष्ट किया कि विज्ञापन एजेंसियों और बाजार परिसरों के बकायेदारों द्वारा भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। निर्देश दिया गया कि नियत अवधि में भुगतान न होने पर संबंधित एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और परिसंपत्तियों का पुनः आवंटन किया जाएगा। विशेष रूप से नागाबाबा खटलाल और अटल स्मृति वेंडर मार्केट में लंबित किराया वसूली और किरायेदारी पुनर्मूल्यांकन अभियान शुरू करने की तैयारी है।

आवासीय क्षेत्रों में व्यापार करने वालों को नोटिस : बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि आवासीय क्षेत्रों में बिना अनुमति संचालित कॉमर्शियल एक्टिविटी के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर उनका ट्रेड लाइसेंस निरस्त किया जाएगा और प्रतिष्ठान को सील करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

डिजिटल रिकॉर्ड रखने पर जोर

नगर निगम ने अपने स्वामित्व वाली सभी राजस्व सृजन करने वाली परिसंपत्तियों जैसे होर्डिंग साइट्स, बाजार परिसरों की दुकानें, बस स्टैंड परिसर, पार्किंग स्थल और वाणिज्यिक इकाइयों का व्यवस्थित नंबरिंग और डिजिटल रिकार्ड करने का निर्णय लिया। इससे परिसंपत्ति प्रबंधन और राजस्व निगरानी अधिक प्रभावी होगी।

तैयार किए जाएंगे डीपीआर व प्रजेंटेशन

नगर निगम ने स्पष्ट किया कि शहर के बस स्टैंडों और बाजार परिसंपत्तियों के आधुनिकीकरण, सौंदर्यीकरण व यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। इसके लिए संबंधित एजेंसियों और तकनीकी संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर विस्तृत डीपीआर व प्रजेंटेशन तैयार किए जाएंगे। निर्माण कार्यों के व्यय अनुमान और बेस प्राइस तय करने के लिए एक विशेष समिति गठित करने पर सहमति बनी, ताकि भविष्य की निविदा प्रक्रिया और संपत्ति बंदोबस्ती पारदर्शी ढंग से संचालित हो सके।

हटिया रेलवे स्टेशन से 23 किलो गांजा बरामद

RANCHI : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) हटिया और फ्लाइंग टीम रांची ने संयुक्त अभियान चलाकर नशा तस्करी के एक बड़े प्रयास को नाकाम किया है। आरपीएफ रांची के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर हटिया रेलवे स्टेशन पर की गई इस कार्रवाई में कुल 23 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसकी बाजार कीमत करीब 11,50,000 रुपये है। जानकारी के अनुसार, ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह और फ्लाइंग टीम के सदस्यों ने प्लेटफॉर्म पर संदिग्ध रूप से बैठे दो व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखी। बैग से प्लास्टिक पैकिंग में रखा बड़ा गांजा बरामद हुआ। मौके पर आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह की मौजूदगी में चारों पैकेटों की डीडी किट से जांच की गई, जो पॉजिटिव पाई गई।

छह वर्षों में एक भी स्थानीय नियोजन नीति नहीं ला सके हेमंत सोरेन : प्रतुल

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा ने सरकार को एक बार फिर से घेरा है। सरकार पर जनता को ठगने का आरोप लगाया है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति का वादा कर हेमंत सोरेन ने झारखंड के आदिवासी मूलवासी को ठगने का काम किया है। यह सरकार वास्तविक में ठगुआ सरकार है। झारखंड की जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि छह वर्ष में हेमंत सोरेन सरकार एक भी स्थानीय नियोजन नीति क्यों नहीं ला सकी। आज तक न कटऑफ डेट घोषित हुई, न खतियान आधारित नीति बनी, न युवाओं को कोई ठोस रास्ता मिला। यह सरकार केवल आश्वासन देती है और फिर उसपर मौन साध लेती है।

उन्होंने कहा कि यह वहीं हेमंत सोरेन हैं जिन्होंने 1932 के खतियान आधारित नीति के मुद्दे पर 2012 में अर्जुन मुंडा सरकार से समर्थन वापस लेकर बड़ा नाटक किया था। तब यह उनके लिए असली जनभावना थी। लेकिन आज छह वर्षों तक मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के बावजूद नीति के नाम पर शून्य उपलब्धि इससे बड़ी विडंबना नहीं हो सकती। सच यह है कि हेमंत सरकार की मंशा नहीं, सिर्फ माला जपने वाली मुनादी है।

समाचार सार

डीआरएम ने दो ट्रैकमैन को किया सम्मानित

CHAKRADHARPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे के हावड़ा-मुंबई रेलमार्ग पर गत शुक्रवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया था। राजखरसावां-महालीमोरूप रेलखंड पर देर रात गश्त के दौरान ट्रैकमैन बनबिहारी महतो और हरियल हेम्ब्रम ने डाउन लाइन में वेल्ड फेल्योर (जोड़ में टूट) का पता लगाया और एक मालगाड़ी को समय रहते रोक दिया। उनकी तत्परता से एक बड़ा रेल हादसा टल गया। डीआरएम तरुण हुरिया ने मंगलवार को दोनों ट्रैकमैन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

गणतंत्र दिवस परेड में जाएगा एसडीयू का छात्र

GHATSILA : सोना देवी विश्वविद्यालय का छात्र देवऋषि कश्यप नई दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होगा। उसका चयन नई दिल्ली में आयोजित एनसीसी के आरडीसी कैंप में हो गया है। देवऋषि बीटेक थर्ड सेमेस्टर के छात्र है। देवऋषि कश्यप को पिछले दिनों जमशेदपुर में 721 कैडेटों में सर्वश्रेष्ठ कैडेट चुना गया था। नई दिल्ली के एनसीसी शिविर में भी देवऋषि को सर्वश्रेष्ठ ड्रिल के लिए पुरस्कृत किया गया।

सोना देवी विवि में वार्षिक खेल उत्सव शुरू

GHATSILA : सोना देवी विश्वविद्यालय में मंगलवार से चार दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव- इग्नाइट 2025 शुरू हुआ। मुख्य अतिथि व कुलपति डॉ. ब्रजमोहन पाटपिंगुआ ने उद्घाटन सत्र में छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय की खेल संस्कृति को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। ऐसे आयोजनों से न केवल खेल प्रतिभा निखरती है, बल्कि चरित्र निर्माण भी होता है। उन्होंने विश्वविद्यालय के खेल विकास मॉडल की प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी। कुलसचिव गुलाब सिंह आजाद ने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव छात्रों को सशक्त बनाने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहता है।

बूथ स्तर पर कांग्रेस को बनाएं मजबूत : कमलेश

CHAIBASA : कांग्रेस भवन चाईबासा और चक्रधरपुर वन विश्रामागार में मंगलवार को ग्राम पंचायत व वार्ड स्तरीय कमेटी की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत प्रखंड तथा नगर कमेटी का गठन हो चुका है। मंडल अध्यक्ष भी नियुक्त कर दिया गया है। अब जिला अध्यक्ष उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इसके बाद ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर की कमेटी बनाई जाएगी। इसमें बूथ स्तर पर एक बीएलए भी होगा। बीएलए मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग करेंगे। पंचायत कमेटी हर माह बैठक करेगी, जिसमें मंडल अध्यक्ष अवश्य भाग लेंगे। जिलाध्यक्ष रंजन बोयपाई की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला पर्यवेक्षक- सह- पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू, सूर्यकांत शुक्ला, अमूल्य नीरज खलखो आदि भी शामिल थे।

इंटर रेलवे बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप शुरू

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर मंडल स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 39वें ऑल इंडिया इंटर रेलवे बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन मंगलवार को डीआरएम तरुण हुरिया ने किया। 8 से 10 दिसंबर तक महात्मा गांधी सभागार में हो रही प्रतियोगिता में देशभर से आए 85 बॉडी बिल्डर और 141 अधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले चरण में 55 किलोग्राम भार वर्ग में बॉडी बिल्डरों ने दमखम दिखाया। इस अवसर पर सीनियर डीएमई राजीव रंजन रसिक, खेल अधिकारी हेमंत मधुर, डीएफएम को-ऑर्डिनेशन विनय कुमार शर्मा और सेरसा के सचिव तेज नारायण प्रसाद भी मौजूद थे। डीआरएम ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रतियोगिता रेलवे कर्मचारियों के लिए एक अच्छा अवसर है, जहां वे शारीरिक और मानसिक क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं।

एनआईटी जमशेदपुर में 13 प्रोफेसरों की वैकेंसी

JAMSHEDPUR : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर में विभिन्न विभागों में प्रोफेसर के 13 पदों पर बहाली होने वाली है। इसके लिए संस्थान ने आधिकारिक वेबसाइट www.nitjsr.ac.in पर विज्ञापन प्रसारित किया है। इस नियुक्ति प्रक्रिया के तहत 31 दिसंबर तक http://www.nitjsr.ac.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरा जा सकता है। यह भर्ती भारत गजट अधिसूचना अधिनियम-2019, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के प्रावधानों के तहत होगी। कोटिवार निकाली गई रिक्ति में सामान्य : 04, ईडब्ल्यूएस : 01, एसटी : 04, एससी : 02 और ओबीसी : 02 हैं।

जांच में खुलासा, नेपाल में मानव तस्करों की गिरफ्त में हैं 27 बच्चे

पहले सामने आई थी 11 बच्चों के बंधक होने की बात, प्रशासन की जांच टीम पहुंची गांव

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के 27 बच्चे मानव तस्करों के जाल में फंस गए हैं। बच्चों को नेपाल के काठमांडू में बंधक बनाए जाने की जानकारी देते हुए उनके परिजनों ने उपायुक्त चंदन कुमार से गुहार लगाई है। परिजनों की शिकायत के बाद नेपाल में फंसे नाबालिग बच्चों के मामले पर डीसी चंदन कुमार ने संज्ञान लिया है। उन्होंने एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो को मामले की जांच का आदेश दिया है। एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो, एसडीपीओ बहामन टुटी और मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार के साथ एक टीम मंगलवार को मामले की जांच के लिए बच्चों के गांव पहुंची। अधिकारियों ने चाईबासा के सदर प्रखंड स्थित पंडावीर पंचायत के रंगामाटी गांव पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की। इससे पहले तबलीगो गांव के 11 बच्चों को नेपाल ले जाने की बात सामने आई थी, जबकि अब जगन्नाथपुर और सोनुवा प्रखंड से भी बच्चों को ले जाने की बात सामने आ रही है। कुल 27 बच्चों को नेपाल की राजधानी काठमांडू ले जाया गया है। परिजनों ने बताया कि वहां सभी बच्चों का सिर मुंडवा दिया गया। इससे उन्हें बच्चों का धर्म परिवर्तन कराने की आशंका हो रही है। यह बात नेपाल से भागकर आए दो बच्चों ने बताई है। इसके बाद गांव से लेकर जिला मुख्यालय तक हड़कंप मच गया है।

परिजनों से मामले की जानकारी लेते एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो ● फोटोन न्यूज

झारखंड पुलिस ने 257 का किया था रेस्क्यू

गौरतलब है कि झारखंड में मानव तस्करी की समस्या गंभीर है। वर्ष 2023-24 में राज्य में कुल 78 मानव तस्करी के मामले दर्ज किए गए, जिसमें 282 लोग शिकार हुए। झारखंड पुलिस ने इन मामलों में 257 लोगों का रेस्क्यू किया था, जिसमें 173 युवक और 84 युवतियां एवं महिलाएं शामिल थीं।

खाना बनाने को लेकर पत्नी से उलझा शराबी गला घोंटकर मार डाला

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी थाना क्षेत्र में हत्या का एक मामला सामने आया है। यहां संजय शर्मा नामक व्यक्ति ने खाना बनाने को लेकर हुए झगड़े के बाद अपनी पत्नी निशा शर्मा को गला घोंटकर मार डाला। पत्नी की हत्या करने के बाद वह व्यक्ति उसका शव उठा कर दूर ले गया और झाड़ी में फेंक दिया। बाद में ग्रामीणों ने शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि संजय शर्मा नशे का आदी था। वह आए दिन शराब पीता था। वह शराब पीकर घर आया था। तभी उसने पत्नी से खाना बनाने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट की आ गई। संजय शर्मा ने अपनी पत्नी का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

अवैध कोडीन कफ सिरप के साथ किशोर सहित दो गिरफ्तार

JAMSHEDPUR : मानगो के आजादनगर थाना अंतर्गत पुलिस ने अवैध कोडीन कफ सिरप की 27 बोतल के साथ किशोर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी के निर्देश पर गठित विशेष छापामारी दल ने गिरफ्तार युवक को मंगलवार को जेल भेज दिया। पुलिस टीम को सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि आजादनगर थाना क्षेत्र के मुर्दा मैदान के पास दो व्यक्ति मादक पदार्थ बेचने पहुंचे हैं। इसके बाद डीएसपी पटमदा के नेतृत्व में छापेमारी दल पहुंचा और बताए गए हुलिए के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। इसमें एक आरोपी इमरान खान उर्फ विक्की है, जो आजादनगर के चेपापुल का रहने वाला है। दूसरा पकड़ा गया आरोपी किशोर है। दोनों के पास से प्रतिबंधित विंसेरेक्स कफ सिरप बरामद की गई है। नाबालिग को निरुद्ध किया गया है।

वेदांता को मिलेगी केबुल कंपनी पूर्व कर्मचारियों ने किया विरोध

PHOTON NEWS JSR : एनसीएलटी (नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल) की कोलकाता बेंच में जमशेदपुर की केबुल कंपनी को लेकर हुए फैसले के खिलाफ मजदूरों ने आवाज बुलंद की है। केबुल कंपनी के मजदूरों के लिए संघर्ष करने वाली केबुल संघर्ष समिति ने मंगलवार को मीटिंग कर फैसला लिया कि इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट और एनसीएलटी दिल्ली में चैलेंज किया जाएगा। समिति के महामंत्री यूके शर्मा ने कहा कि केबुल कंपनी, वेदांता कंपनी को देने का फैसला हुआ है। लेकिन, मजदूरों के हित को लेकर कई बिंदुओं पर इस फैसले में कोई चर्चा नहीं की गई। उनका कहना है कि इस फैसले से मजदूर नाराज हैं। उन्होंने कहा कि 1100 के करीब रिटायर्ड कर्मचारी हैं, जिनका पीएफ, ईसीआई और बकाया वेतन की रकम मिलनी चाहिए। इसके अलावा 500 ऑन रोल कर्मचारी हैं जिनका फैसले में कोई जिक्र नहीं किया गया है। इनकी नौकरी बरकरार रहनी चाहिए। यूके शर्मा ने कहा कि 31 मार्च साल 2000 तक कंपनी में 4 करोड़ 53 लाख 66 हजार 69 रुपये का तैयार माल था। इसमें से एक करोड़ 95 लाख 5357 रुपये का माल बेचा गया था। शेष 3 करोड़ 24 लाख 10712 रुपये का माल कहां गया। उन्होंने कहा कि 30 दिसंबर 1999 तक केबुल कंपनी ने 16 करोड़ 69 लाख 54 हजार एक रुपये की परिसंपत्ति खरीदी थी। 31 दिसंबर साल 2000 तक 264 लोग इस कंपनी से रिटायर हुए थे। उस अवधि में इनकी 2 करोड़ 70 लाख 41 हजार 95 रुपये की ग्रेच्युटी की राशि बकाया है। इस राशि में से मात्र 65 हजार रुपये का ही भुगतान हुआ था।

बैठक करते यूनियन के सदस्य ● फोटोन न्यूज

सीआरपीएफ जवान की परेड के दौरान हुई मौत, गोरखपुर भेजा गया पार्थिव शरीर

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला के मुख्यालय चाईबासा में सीआरपीएफ-197 बटालियन के जवान गोपालजी सिंह (46) की मंगलवार को परेड के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि हृदयगति रुकने से वे गिर पड़े, जिससे वहां अफरातफरी मच गई। परेड में शामिल बटालियन के जवान उन्हें आनन-फानन सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जवानों ने बताया कि सुबह कैंप में सभी जवान परेड कर रहे थे, तभी अचानक गोपालजी की तबीयत बिगड़ गई। उनके शव को पैतृक गांव गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) के बेलघाट के सिसवा बाबू गांव भेजा जा रहा है। जवानों ने बताया कि गोपालजी सिंह कुछ दिनों से छुट्टी पर थे। वह अपने बेटे को आईटीबीपी (इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस), दिल्ली में सब-इंस्पेक्टर के पद पर ज्वाइन कराकर रविवार को ही चाईबासा लौटे थे। सोमवार से उन्होंने ड्यूटी शुरू की थी कि ऐसा हो गया। उनकी मौत से सीआरपीएफ कैंप में सन्नाटा पसर गया है।

सेल की गुवा माइंस में बाहरी लोगों की बहाली पर यूनियनों का प्रदर्शन

जेनरल ऑफिस के समक्ष प्रदर्शन करते यूनियन के लोग ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा स्थित सेल की माइंस में कथित रूप से 20 बाहरी व्यक्तियों की बहाली की गई है। इसके विरोध में मंगलवार को संयुक्त यूनियनों ने जेनरल ऑफिस के समक्ष प्रदर्शन किया। नारेबाजी और विरोध के बीच यूनियनों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सेल प्रबंधन बाहरी लोगों की बहाली को तुरंत प्रभाव से नहीं रोकता है, तो उत्पादन और डिस्पैच पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा। मजदूर नेता रामा पांडे ने कहा कि जब तक 20 बाहरी लोगों की बहाली पर रोक नहीं लगती, तब तक डिस्पैच भी बंद रहेगा। पांडे ने कहा कि डेढ़ साल पहले पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा व पूर्व सांसद गीता कोड़ा के साथ बोकारो-सेल के पदाधिकारी व यूनियन नेताओं में लिखित एग्रीमेंट हुआ था। इसमें कहा गया था कि स्थानीय लोगों को नौकरी दी जाएगी। यहां स्थानीय को नहीं देकर बाहरी लोगों को नौकरी दी जा रही है। बताया जा रहा है कि सेल की किरीबुरु माइंस में बाहरी मजदूरों को ज्वाइन कराकर गुवा में पोस्टिंग की गई है।

पशु व्यापारी से बदमाशों ने लूटे 85 हजार रुपये

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी ओपी थाना अंतर्गत बलांडिया जंगल के पास लूट की बड़ी वारदात सामने आई है। हाटगम्हरिया के साप्ताहिक हाट (बाजार) से लौट रहे एक पशु व्यापारी से अपराधियों ने पिस्टल की नोक पर 85 हजार रुपये लूट लिए। सोमवार शाम को हुई इस घटना को पहले से घात लगाए अपराधियों द्वारा अंजाम दिया गया। व्यापारी से रुपये लूटने के बाद बदमाश फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, कुमारडुंगी निवासी अर्जुन महाकुड़ ने हाटगम्हरिया के साप्ताहिक बाजार में दो जोड़ा बैल बेचा था। इससे उसे 85 हजार रुपये मिले थे। अर्जुन महाकुड़ रुपये लेकर घर लौट रहे थे। तभी बलांडिया जंगल में दो अज्ञात बदमाशों ने पिस्टल दिखाते हुए रोका। फिर डराने के लिए फायरिंग भी की। इसके बाद चाकू दिखाते हुए जंगल की ओर ले गए। वहां पहले से घात लगाए छह बदमाश आ गए, फिर व्यापारी के साथ मारपीट शुरू कर दी। पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। धारदार हथियार से हमला कर उनसे रुपये लूट कर फरार हो गए। घटना के बाद कुमारडुंगी थाने की पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। यहां बता दें कि सोमवार शाम को ही चक्रधरपुर के युवक से भी चाईबासा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में लूट की घटना हुई थी। वह युवक जमशेदपुर से चक्रधरपुर लौट रहा था। कार सवार अपराधियों ने उसकी बाइक को ओवरटेक करके करीब 11 हजार रुपये लूट लिए थे।

छात्रों ने रैली निकालकर मांगा छात्रवृत्ति भुगतान

JAMSHEDPUR : छात्रवृत्ति के लिए मंगलवार को छात्रों ने साकची के आमबगान मैदान से डीसी ऑफिस तक रैली निकाली। मुख्यमंत्री के नाम डीसी ऑफिस में ज्ञापन सौंपकर छात्रों को फौरन छात्रवृत्ति देने की मांग उठाई गई है। गौरतलब है कि भाजपा ने छात्रवृत्ति के मुद्दे पर ही सोमवार को विधानसभा में हंगामा किया था। इसके बाद यह रैली निकाली गई। यह रैली किसी छात्र संगठन के बैनर तले नहीं निकली। छात्रों का कहना है कि इसमें विभिन्न स्कूलों-कॉलेजों के छात्र शामिल थे। राज्य में ई- कल्याण छात्रवृत्ति में पिछले दो सालों से कथित तौर पर हो रही देरी को लेकर छात्र-छात्राओं में नाराजगी है। आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्र मुख्य रूप से इसी मदद पर निर्भर रहते हैं। मगर, छात्रवृत्ति न मिलने के कारण कई छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ हो रहे हैं।

तीन प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस, सिर धुनती रहीं छात्राएं, एक घंटे बाद यूनिवर्सिटी पहुंचीं कंट्रोलर

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में स्नातक थर्ड समेस्टर की परीक्षा चल रही है। मंगलवार को एक ही प्रश्नपत्र में तीन प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस पूछ दिए गए, जिसे लेकर छात्राएं सिर धुनती रहीं। एग्जामिनेशन हॉल में प्रश्नपत्र मिलते ही छात्राओं ने तीन प्रश्नों पर आपत्ति जताई। उन्होंने वीक्षकों को इस बात की जानकारी दी, लेकिन वीक्षक ने बताया कि परीक्षा विभाग और विश्वविद्यालय प्रशासन की अनुमति बिना कुछ नहीं हो सकता है। ऐसे में छात्राएं परेशान रहीं। छात्राओं ने संकाय की डीन डॉ. दीपा शरण से भी लिखित शिकायत की है। छात्राओं ने बताया कि परीक्षा शुरू होने के एक घंटे बाद परीक्षा नियंत्रक यूनिवर्सिटी पहुंचीं। प्रश्नपत्र की जानकारी लेने के बाद उन्होंने आश्वस्त किया, तब छात्राओं ने थोड़ी राहत की सांस ली। यूनिवर्सिटी की परीक्षा नियंत्रक डॉ. रमा सुब्रह्मण्यम ने कहा कि प्रश्नपत्र का पैकेट खुलने से पहले उन्हें भी प्रश्नों की जानकारी नहीं होती है। जो भी हो, तीन प्रश्नों के अलावा अन्य प्रश्न भी तो थे। छात्राएं उन प्रश्नों को भी अटेंप्ट कर सकती थीं। वैसे इस पर विचार किया जाएगा। इसे लेकर छात्राओं को भी आश्वस्त कर दिया गया है। बता दें कि इससे पूर्व परीक्षा के पहले दिन दो दिसंबर को भी निगमीय वाणिज्य की परीक्षा में छात्राओं ने एक प्रश्न पर आपत्ति जताई थी।

यूनिवर्सिटी कैंपस में जमा छात्राएं ● फोटोन न्यूज

इस संबंध में संकाय की डीन को आवेदन देकर एक प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस होने की शिकायत की गई थी। बताया जाता है कि अभी तक पहली शिकायत का कोई हल नहीं निकला।

विसंगति कक्षा एक से 10 तक के लिए आए हैं 1,33,931 आवेदन, जल्द खाते में जाएगी रकम

प्री-मैट्रिक के लिए मिले 20 करोड़, पोस्ट-मैट्रिक में 'ठन-ठन गोपाल'

● इंटर व उच्च शिक्षण संस्थानों के स्टूडेंट्स के लिए अब तक नहीं मिला फंड

MUJTABA RIZVI @ JSR : झारखंड सरकार ने पूर्वी सिंहभूम जिले को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति (2025-26) के वितरण के लिए 20 करोड़ रुपये का फंड दे दिया है। यह रकम जिले के कल्याण विभाग के खाते में आ गई है। इस रकम से जिले में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। जबकि, कक्षा आठ से कक्षा 10 के छात्रों के लिए भी छात्रवृत्ति का फंड जल्द आने वाला है। बताया जा रहा है कि छात्रवृत्ति के लिए छात्रों की तरफ से आवेदन करने का सिलसिला चल रहा है। जल्द ही जिला स्तर पर डीसी की अध्यक्षता में एक मीटिंग होगी और इसके बाद आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के बाद कक्षा एक से आठ तक के सभी स्टूडेंट्स के खाते में छात्रवृत्ति की रकम भेज दी जाएगी। गौरतलब है कि छात्रवृत्ति में देरी के आरोप में इन दिनों विधानसभा में हंगामा हो रहा है। जमशेदपुर में भी छात्रों के एक समूह ने रैली निकाल कर डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन किया है। ऐसे में द फोटोन न्यूज ने अपने जिले में छात्रवृत्ति की स्थिति खंगाली तो पता चला कि प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के हालात तो ठीक हैं। मगर, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति को लेकर फंड की दिक्कत आ रही है।

प्रतीकात्मक तस्वीर

पोस्ट मैट्रिक के लिए 31 तक करें आवेदन

जिला कल्याण विभाग प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के नाम पर कक्षा एक से कक्षा 10 तक के छात्रों को छात्रवृत्ति देता है। कक्षा एक से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों को 2250 रुपये जबकि, कक्षा नौ और 10 के स्टूडेंट्स को 4500 रुपये छात्रवृत्ति दी जाती है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति (2025-26) के लिए अब तक एक लाख 33 हजार 931 आवेदन आ चुके हैं। पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए भी आवेदन सबमिट करने का सिलसिला चल रहा है। पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर है।

पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए फंड का इंतजार

पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए जिला कल्याण विभाग फंड का इंतजार कर रहा है। बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार इस मद के लिए फंड देती है। मगर, केंद्र से अब तक राज्य को पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के मद में फंड नहीं मिल पाने की वजह से देर हो रही है। पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन जमा किए जा रहे हैं।

पिछले वित्तीय वर्ष के 12 हजार से अधिक स्टूडेंट्स महरूम

पिछले वित्तीय साल से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण में दिक्कत शुरू हुई है। पिछले वित्तीय साल में 22 हजार 725 स्टूडेंट्स को वजीफा दिया गया। मगर, फंड की कमी की वजह से 12 हजार 141 स्टूडेंट्स छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। यह छात्र अब भी वजीफे के लिए जिला कल्याण विभाग का चक्कर काट रहे हैं। इसी तरह, वित्तीय साल 2023-24 में 23 हजार 64 छात्रों को पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति दी गई है। इस वित्तीय साल के भी 464 छात्र छात्रवृत्ति के लिए भाग-दौड़ कर रहे हैं।

पिछले साल वंचित रह गए थे 6373 स्टूडेंट्स : प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति (2024-25) के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों में से एक लाख 43 हजार 348 स्टूडेंट्स को वजीफा दिया गया था। 6373 छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे। इन्हें इस साल के फंड से छात्रवृत्ति देने की कवायद चल रही है। इसके लिए कागजी कार्रवाई की जा रही है।

जेएलएन कॉलेज की जमीन पर हो रहा कब्जा, प्राचार्य ने लगाई गुहार

पुराना बस्ती स्थित कॉलेज की चारदीवारी के पास अतिक्रमण का जायजा लेते प्राचार्य व अन्य

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज की जमीन का अतिक्रमण कर दबंगों द्वारा वहां निर्माण कराया जा रहा है। कॉलेज के मुख्य द्वार की दाहिनी ओर दक्षिण दिशा में ढांचा निर्माण के लिए खोदाई भी कर दी गई है। मंगलवार को जब इसकी जानकारी प्राचार्य एवं कॉलेज प्रबंधन को मिली तो सब चौंक गए। इसके बाद कॉलेजके प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास कुमार, प्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार, प्रो. मनसा महतो और प्रधान लिपिक पंकज प्रधान अतिक्रमित स्थल देखने गए। कॉलेज की विशाल चारदीवारी से सटे झाड़ियों से घिरे दक्षिणी हिस्से का अतिक्रमण किया जा रहा है। यहां दूर से सिर्फ झाड़ियां नजर आती हैं, लेकिन पास जाने पर दिखता है कि नींव के लिए मिट्टी खोदी गई है। मार्केट कांप्लेक्स के निर्माण की भांति सात कमरों के लिए चूने से घेरा भी बनाया गया है। इसके बाद प्राचार्य ने एसडीओ और अंचल अधिकारी से कॉलेज की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार लगाई है। प्राचार्य ने बताया कि दो वर्ष पूर्व भी इन दोनों अधिकारियों को पत्र लिखकर कालेज की अतिक्रमित की जा रही भूमि को मुक्त कराने की मांग की गई थी, लेकिन कोई पहल नहीं हुई।

मनोविज्ञान की फील्ड में बना सकते हैं करियर

मनोविज्ञान का क्षेत्र है, जिसमें प्रत्येक आयुवर्ग के लोग विशेषज्ञता हासिल कर अपना करियर बना सकते हैं। इसमें मानव मन और व्यवहार का अध्ययन किया जाता है। मसलन, मस्तिष्क तनाव में कैसे काम करता है, यह कैसे भाषा सीखता है, तथ्यों को कैसे याद रखता है या किसी भी तरह की मानसिक बीमारी इसके काम करने के तरीके को कैसे प्रभावित कर सकती है। इस सेक्टर में विशेषज्ञता और रुचियों के आधार पर मनोविज्ञान डिग्री धारकों के लिए कई अलग-अलग विकल्प उपलब्ध हैं, जो कि इस प्रकार हैं-

- मनोविज्ञानी
- मनोचिकित्सक
- समाज सेवक
- काउंसलर
- शैक्षिक मनोवैज्ञानिक
- मानव संसाधन प्रबंधक
- अध्यापक
- अनुसंधान भूमिकाएं
- मीडिया भूमिकाएं
- मनोविज्ञान में करियर

मनोविज्ञान का कोर्स करने के बाद छात्र पब्लिक और प्राइवेट हेल्थ केयर, एजुकेशन, मेंटल हेल्थ स्पोर्ट्स, सोशल वर्क, थेरेपी एंड काउंसलिंग जैसे कई सेक्टर में करियर बना सकते हैं। यहां पर वे सलाहकार, अनुसंधान-आधारित, उपचार-आधारित या चिकित्सीय की भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा मीडिया और अन्य रचनात्मक फील्ड में नौकरियों सहित मनोविज्ञान स्नातकों के लिए कई ऑप्शन भी हैं।

चार्टर्ड मनोवैज्ञानिक

एक चार्टर्ड मनोवैज्ञानिक के तौर पर आप व्यावसायिक मनोविज्ञान, शैक्षिक मनोविज्ञान, खेल और मानसिक स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। यहां आप सभी पृष्ठभूमि के लोगों, रोगियों और क्लाइंट के साथ काम कर सकते हैं। इसके अंतर्गत आप कुछ मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर बेहतर ढंग से समझने और सलाह देने के लिए आप व्यवहार, विचारों और भावनाओं का विश्लेषण कर सकते हैं। हालांकि यदि आप मनोचिकित्सक बनना चाहते हैं तो इसके लिए आपको मेडिकल डिग्री हासिल करने की आवश्यकता होगी।

मनोचिकित्सक

एक मनोचिकित्सक के तौर आपको व्यक्तियों, जोड़ों, समूहों या परिवारों के साथ काम करता होगा। जिससे आप अपने क्लाइंट्स को भावनात्मक और रिश्ते से संबंधित मुद्दों, तनाव और यहां तक कि व्यसन सहित मनोवैज्ञानिक परेशानियों को दूर करने में मदद कर सके। इनमें संज्ञानात्मक व्यवहार विधियां, मनोविश्लेषणात्मक और मनोगतिक चिकित्सा, साथ ही कला चिकित्सा, नाटक चिकित्सा, ह्यूमनिस्टिक और एकीकृत मनोचिकित्सा, सम्मोहन-मनोचिकित्सा और अनुभवात्मक चिकित्सा शामिल हैं।

समाज सेवक

एक सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर आपको ऐसे लोगों की स्थितियों में सुधार लाने के लिए काम करना होगा, जो अपने जीवन में कठिन दौर से गुजर रहे हैं। ये कोई भी हो सकते हैं जैसे बच्चों या बुजुर्गों का या ऐसा ही अन्य कोई ग्रुप, विकलांग लोगों और अपराध और दुर्व्यवहार के शिकार लोगों सहित अन्य कई।
सामाजिक कार्यकर्ता स्कूलों, घरों, अस्पतालों या अन्य सार्वजनिक एजेंसियों के भीतर काम कर सकते हैं।

काउंसलर

एक काउंसलर लोगों को उनके जीवन, भावनाओं और अनुभवों के साथ बेहतर तरीके से सामंजस्य बिठाने में मदद करता है। यहां पर क्लाइंट की बातों को ध्यान से सुनना एक काउंसलर के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। एक काउंसलर में सुनने, सहानुभूति देने, सम्मान और धैर्य प्रदान करने की क्षमता साथ विश्लेषण करने की क्षमता होनी जरूरी है, ताकि क्लाइंट को उनकी स्थिति से बेहतर तरीके से निपटने में सक्षम बनाया जा सके। एक काउंसलर अक्सर विवाह और परिवार, स्वास्थ्य, दुर्व्यवहार, पुनर्वास, शिक्षा, दुख, मानसिक स्वास्थ्य, करियर मार्गदर्शन और बाल रोग सहित अनेक क्षेत्र शामिल हैं।

शिक्षा में मनोविज्ञान करियर

मनोविज्ञान कोर्स के बाद आप शिक्षा के क्षेत्र में भी जा सकते हैं। यहां आप शिक्षा के साथ-साथ शैक्षिक चिकित्सा, शैक्षिक मनोविज्ञान और शिक्षा के भीतर सामाजिक कार्य, मनोविज्ञान स्नातक प्राथमिक, माध्यमिक या कॉलेज, यूनिवर्सिटी स्तर की शिक्षा में काम कर रहे शिक्षकों के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा जेल के अंदर के युवा अपराधियों को ठीक करने के लिए काम कर सकते हैं। वहीं महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में करियर में प्रवेश करने के लिए आपको मास्टर / पीएचडी योग्यता की आवश्यकता होगी। उच्च शिक्षा के अंतर्गत आप शिक्षण या रिसर्च दोनों ही क्षेत्र में करियर बना सकते हैं।

रिसर्च में करियर

मनोविज्ञान के तौर पर आप रिसर्च एजेंसियों, पब्लिक और प्राइवेट ऑर्गनाइजेशन या विश्वविद्यालयों में रिसर्च कर सकते हैं। सभी क्षेत्रों के भीतर रिसर्च करियर और भी व्यापक हैं, इसमें सरकारी नीति विकास या उद्योग के लिए काम कर सकते हैं। आप एक चैरिटी या अन्य गैर-लाभकारी संगठन के लिए भी काम कर सकते हैं जो भाषण बाधाओं, मस्तिष्क क्षति, बाल विकास या मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर कानूनी और अवैध दवाओं के प्रभाव जैसी चुनौतियों को हल करने के लिए रिसर्च कर रहे हैं।

मीडिया और विज्ञापन करियर

मनोविज्ञान डिग्री होल्डरों के लिए मीडिया में भी विविध करियर हैं। मनोविज्ञान स्नातक मानव व्यवहार को लेकर कंपनी के लिए कई महत्वपूर्ण बातें बता सकते हैं। साथ ही समस्याओं का विश्लेषण करने, ध्यान से सुनने, प्रतिक्रिया देने और सहानुभूति और कारण के साथ कार्य करने की क्षमता प्रदान कर सकते हैं। इस वजह से, प्रबंधन, उत्पादन, शेड्यूलिंग और लेखन सहित सभी विभागों के भीतर मनोविज्ञान स्नातकों की मांग होती है।

मानव संसाधन और संचार करियर

मनोविज्ञान की डिग्री के साथ ह्यूमन रिसोर्स और कम्युनिकेशन करियर भी एक अच्छा विकल्प है। पब्लिक और प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में उपलब्ध इन भूमिकाओं में कर्मचारी संतुष्टि, व्यावसायिक विकास, प्रशिक्षण, भर्ती, पीआर, पेरोल और आंतरिक संचार जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते हैं क्या है प्रवेश प्रक्रिया

इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते है तो मास्टर्स में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक है। इसके अलावा इंटरनेशनल रिलेशन से संबंधित विषयों में पोस्ट ग्रेजुएशन या एम. फिल की डिग्री होनी चाहिए।

अगर आप भी इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते है तो मास्टर्स में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक है। इसके अलावा इंटरनेशनल रिलेशन से संबंधित विषयों में पोस्ट ग्रेजुएशन या एम. फिल की डिग्री होनी चाहिए। यह 3-5 साल का कोर्स होता है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय संबन्ध, और विभिन्न देशों के बीच सम्बन्ध के कारकों और पहलुओं का अध्ययन और विश्लेषण किया जाता है। अगर आप भी इंटरनेशनल स्टडीज में पीएचडी करके राजनयिक के तौर पर काम करना चाहते है तो आइये जानते है इसमें नामांकन के लिए क्या योग्यताएं होनी चाहिये।

योग्यता

- संबंधित विषय में एम फिल की डिग्री या पोस्ट ग्रेजुएशन होना चाहिए।
- उम्मीदवार के पास मास्टर डिग्री में न्यूनतम 55% अंक होना आवश्यक है।
- विश्वविद्यालयों द्वारा भी परीक्षाएं आयोजित कराई जाती है।
- आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 5% अंकों की छूट दी जाती है।
- यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं भी आयोजित की जाती हैं।
- प्रवेश परीक्षा के बाद साक्षात्कार होता है अगर आपने उसमें अच्छा स्कोर किया तो आपको स्कॉलरशिप भी मिल सकती है।

रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

पीएचडी इन इंटरनेशनल स्टडीज के लिए भारत के टॉप कॉलेजों द्वारा अपनाई जाने वाली एडमिशन प्रोसेस इस प्रकार है

- ऑफिशयल वेबसाइट पर जाएं।
- ऑफिशयल वेबसाइट पर जाने के बाद आवेदन फॉर्म भरें।
- फार्म को ध्यान से भरें नहीं तो आपका फार्म रिजेक्ट हो सकता है
- सभी दस्तावेज जो भी मांगे गए है उनको अपलोड करिये।
- ऑनलाइन फॉर्म की फीस जमा करें।
- फार्म को सबमिट करें।

प्रवेश परीक्षा

अगर आप किसी अच्छी यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेना चाहते है तो प्रवेश परीक्षा में अच्छा स्कोर करना पड़ेगा। रजिस्ट्रेशन के बाद एडमिट कार्ड जारी किये जाते है। जिनमे परीक्षा की सारी जानकारी होती है। प्रवेश प्रक्रिया सीएसआईआर यूजीसी नेट, एसआईयू पीईटी, एमिटी यूनिवर्सिटी पीईटी जैसे एंट्रेंस एग्जाम पर निर्भर करती है।

प्रवेश प्रक्रिया

परीक्षा परिणाम के लिए आप वेबसाइट से जानकारी प्राप्त कर सकते है, प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है। साक्षात्कार में सफल होने के बाद डॉक्टरेट स्तर पर इंटरनेशनल स्टडीज का अध्ययन करने के लिए एडमिशन दिया जाता है।

पीएचडी इन इंटरनेशनल स्टडीज- सिलेबस

- एडवांस्ड थ्योरी ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन
- एडवांस्ड रिसर्च मेथड
- फेमिनिस्ट इंटरनेशनल रिलेशन
- थिसिस
- शांति और संघर्ष अध्ययन

देश के कुछ टॉप कॉलेज

- झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय
- सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, पुणे
- लाजपत राय लॉ कॉलेज
- शिव नादर विश्वविद्यालय
- गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
- रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- कलिंग विश्वविद्यालय
- पंजाब विश्वविद्यालय
- पी.पी. सवानी विश्वविद्यालय
- यूएनओएम, मद्रास विश्वविद्यालय
- गुरु नानक देव विश्वविद्यालय

क्रिएटिव राइटिंग सिर्फ शौक ही नहीं, करियर भी बन सकता है। इसी के साथ जुड़ा हुआ है एक और करियर, जो है ट्रांसलेटर यानी अनुवादक का। इसके लिए तो अनेक संस्थानों में काफी स्कोप रहता है।

करियर भी बना सकता है क्रिएटिव राइटिंग का शौक



कहां है मांग ?

रेलवे, बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) आदि में अनुवादकों की अच्छी डिमांड रहती है। आप चाहें, तो फ्रीलांसर के तौर पर भी काम कर सकते हैं। वहीं इंटरप्रेटर के रूप में खुद को तैयार करके आप विभिन्न देशों के दूतावासों तथा विदेशी कंपनियों में जॉब पा सकते हैं। यह एक दिलचस्प जॉब है, जिसमें हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता है। अभ्यास बहुत जरूरी लेखक बनने का हुनर कई लोगों में जन्मजात होता है मगर इस हुनर को मांजना बहुत जरूरी है। हर लिखने वाला प्रभावशाली नहीं होता। अगर आप भी बतौर क्रिएटिव राइटर करियर बनाना चाहते हैं, तो सरल, सहज और प्रभावी लिखने का अभ्यास करते रहें। पुराने क्लासिक्स से लेकर नए, प्रमुख लेखकों की किताबें तथा पत्र-पत्रिकाओं मे छपने वाले उनके कॉलम जरूर पढ़ते रहें। आप जितना ज्यादा पढ़ेंगे, उतना ही आपका लेखन निखरेगा। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि आप सीखें सबसे लेकिन लिखते समय अपनी मौलिक पहचान जरूर बनाए रखें। आपके लेखन में किसी अन्य लेखक की नकल या प्रभाव नहीं दिखना चाहिए।

कहां से पढ़ें ?

यदि आप करियर के तौर पर क्रिएटिव राइटिंग या ट्रांसलेशन को अपनाना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि आप इसके लिए बाकायदा कोर्स कर लें। क्रिएटिव राइटिंग का कोर्स इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय तथा अन्य प्रमुख विश्वविद्यालयों से किया जा सकता है। वहीं ट्रांसलेटर या इंटरप्रेटर बनने के लिए आपको केंद्रीय हिंदी संस्थान या किसी अन्य आधिकारिक संस्थान से अनुवाद का कोर्स करना होगा।

अगर आप सक्सेसफुल करियर बनाना चाहते हैं, तो आपके अंदर बेहतर कम्युनिकेशन स्किल का होना बेहद जरूरी है। क्योंकि एक अच्छी कम्युनिकेशन स्किल से आप अपने करियर को उच्च स्तर तक ले जा सकते हैं। कम्युनिकेशन स्किल आपकी पर्सनेलिटी का ही हिस्सा है, इसलिए अपनी पर्सनालिटी को इंप्रूव करने के लिए आपको अपनी कम्यूनिकेशन स्किल भी बेहतर करनी होगी।

पर्सनालिटी को इंप्रूव करने के लिए जरूरी है कम्युनिकेशन स्किल

कम्युनिकेशन स्किल बातचीत करना की एक कला है। ये बिल्कुल भी जरूरी नही है कि हर इंसान को बात करने की कला या सही तरीका आता हो। कम्युनिकेशन स्किल का डिग्री और पढ़ाई-लिखाई से भी कुछ लेना देना नहीं है, क्योंकि ये जरूरी नही है कि हर पढ़े-लिखे और डिग्रीधारी शख्स की कम्युनिकेशन स्किल अच्छी ही हो। लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखकर इसमें सुधार जरूर किया जा सकता है।

बॉडी लैंग्वेज सही रखें

यह एक तरह का नॉन-वर्बल कम्युनिकेशन होता है, जिसमें आप बिना कुछ बोले बॉडी के हाव-भाव से सब कुछ कह देते हैं। बॉडी लैंग्वेज को देखकर आप सामने वाले पर्सन के बारे में सब कुछ समझ जाते हैं, तो अगर आप अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स को बढ़ाना चाहते हैं तो आपको अपनी बॉडी लैंग्वेज को सही रखना जरूरी है। अपनी बॉडी लैंग्वेज के द्वारा आप सामने वाले को अपनी बात आसानी से समझा सकते हैं, लोगों से बात करते समय या मीटिंग्स में जेब में हाथ डालकर या हाथों को फोल्ड करने नहीं रखना चाहिए है आपको सामने वाले को अपनी बात समझाने के लिए अपनी बॉडी लैंग्वेज का सही तरह से यूज करना चाहिए।

दूसरों की बातें ध्यान से सुनें

अगर आप अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स को इंप्रूव करना चाहते हैं तो आपको कोई दूसरों भी बात को भी बहुत ही ध्यान से सुनना होगा। इससे आप उसकी बातों को अच्छे से समझ सकेंगे। शुरुआत में बात करते समय आपसे कुछ गलतियां भी हो सकती हैं, लेकिन जब आप डेली प्रैक्टिस करते रहेंगे तो गलतियां कम होंगी और आप सही से कम्युनिकेशन कर सकेंगे। इसीलिए किसी भी बात को अच्छे से सुनिए फिर बोलना सीखिए।

सामने वाले को समझें

अगर आप किसी से कम्युनिकेशन कर रहे है, तो आपको उसकी बातों को अच्छे से समझने के साथ उसे भी समझना होगा कि वो आपसे क्या कहना चाहता है। तभी आप उसके साथ कम्युनिकेशन कर पाएंगे। इसलिए पहले सामने वाले पर्सन की बातों को अच्छे से समझें कि वो क्या कहना चाहता है, कैसा एक्सप्रेशन दे रहा है और उसको अच्छे से समझने के बाद आप अपना जवाब दें।

सही शब्दों का प्रयोग करें

किसी से बात करते समय आपको सही शब्दों का यूज करना चाहिए। इसके लिए डेली नये शब्दों को सीखें और उन्हें लोगों से बात करते समय यूज करें। स्टार्टिंग में आपको लोगों से बात करते समय अपनी आवाज को स्लो रखना है और सही शब्दों को बोलना है, बहुत बार ऐसा होता है कि जल्दी-जल्दी में लोग कम्युनिकेशन करते समय गलत शब्दों का प्रयोग कर जाते हैं, आपको धीरे बोलना है और अपने शब्दों को स्पष्ट बोलना है। जिससे सामने वाला व्यक्ति आपकी बात को अच्छे से समझ सके।

रोज प्रैक्टिस करें

अगर आप दिल से अपनी कम्युनिकेशन स्किल को इम्प्रूव करना चाहते हैं, तो आपको डेली प्रैक्टिस करनी होगी। आपको डेली कम्युनिकेशन के कुछ वर्ड्स याद करने होंगे और इन याद किये गये वर्ड्स को हफ्ते में 2 बार दोहराना होगा। क्योंकि अगर आप एक बार पढ़ने के बाद इन्हें दोबारा देखेंगे नहीं तो भूल जायेंगे। रोज थोड़ा टाइम अपनी कम्युनिकेशन पर दीजिए, डेली कुछ नये वर्ड्स सीखिए। इससे आपकी कम्युनिकेशन स्किल बेहतर होगी।

प्वॉइंट टू प्वॉइंट बात करें

चाहे आपका फ्रेंड हो या कोई अन्य व्यक्ति, किसी से भी बात करते समय ध्यान रखें कि आपको प्वॉइंट टू प्वॉइंट बात करना है। किसी से बात करना होता है तो आपको बिना डरे खुल कर बात करना चाहिए। अगर आप इधर उधर की बात करेंगे तो जिस प्वाइंट पर आप बात करना चाहते हैं, उसपर नहीं कर पाएंगे। साथ ही सामने वाला व्यक्ति भी कंफ्यूज रहेगा।

आई कांटेक्ट रखें

यह ध्यान रखें कि आप जब भी किसी से बात करें तो सामने वाले से आई कांटेक्ट बनाये रखें। इससे हमारी सिंसेरिटी और इंटरेस्ट दिखाई देता है और साथ ही हमारे इमोशन्स भी साफ-साफ दिखाई देते हैं। ये हमारी कम्युनिकेशन स्किल्स को भी इफेक्टिव बनती है। वहीं ऐसे बात करते समय आपका कॉन्फिडेंस भी बढ़ता है।

कॉफिडेंट रहें

किसी से बात करते समय कॉफिडेंट रहना जरूरी होता है। यह तभी हो पाएगा जब आप निडर होंगे, श्योर होंगे और जब आप बाहर की आवाजों पर डिपेंडेंट नहीं होंगे। इसीलिए स्टार्टिंग में जब भी आप किसी से बात करें, तो अपनी गलतियों से डरे नहीं, क्योंकि गलतियां होना एक नार्मल बात है, लेकिन जब धीरे-धीरे आप बोलना सीख लेंगे, आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छी हो जाएगी तो आप पूरे कॉन्फिडेंस के साथ किसी भी फंक्शन में, पार्टी में, मीटिंग्स में या कहीं पर भी बोल सकेंगे।

लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के हो सकारात्मक प्रयास

रमेश सर्राफ धमोरा

मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है।

हम 10 दिसंबर को मानवाधिकारों का उत्सव मनाते है। उस दिन की स्मृति में जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। यह घोषणा हमारे समाजों के मानवाधिकार ढांचे की रीढ़ है, जहां हममें से प्रत्येक को बिना किसी भेदभाव के शांति और सुरक्षा के साथ रहने और फलने-फूलने का अधिकार है। 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 75 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर हैं। जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। 10 दिसंबर 2025 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 77वीं वर्षगांठ है । 2025 में मानवाधिकार दिवस की थीम हमारी रोजमर्रा की अनिवार्यताएं, तीन सरल सत्यों पर जोर देती हैं। मानवाधिकार सकारात्मक हैं, मानवाधिकार आवश्यक हैं, और मानवाधिकार प्राप्य हैं।

मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता।

देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता सम्पन्न धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी अंतर्भूक्त है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ-साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अन्दर एवं बाहर आने-जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल हैकि क्या वाकई में मनुष्य के लिए चिन्हित किये गए मानवाधिकारों की सार्थकता है।

भारत में 28 सितम्बर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14,15,16,17,19,20,21,23,24,39,43,45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के सुनिश्चित हैं।

कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है। क्योंकि मानवाधिकारो से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। राजनेता मानव अधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं। मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। राज नेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गये तो तो उनकी नेतागिरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं।

इतिहास गवाह है की भारत ने कभी भी संस्कृति, धर्म या अन्य कारकों के आधार पर दूसरों को अपने अधीन करने की कोशिश नहीं की है। भारत एक ऐसा देश है जिसके मूल में मानवाधिकार की अवधारणा है। भारत के लोग मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। भारत विश्व स्तर पर आज भी मानवाधिकार का समर्थन करता रहा है। मानवाधिकार दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। किसी भी इंसान की जिन्दगी, आजादी, बराबरी और सम्मान के अधिकार का नाम ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोडने वाले को अदालत सजा भी देती है।

पूरी दुनिया में मानवता के खिलाफ हो रहे जुल्मों-सितम को रोकने, उसके खिलाफ संघर्ष को नई परवाज देने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर शख्स को बराबरी का अधिकार देना लोकतंत्र का अहम घटक है। यही वजह है कि आज ज्यादातर सरकार इस अधिकार को कायम करने की कोशिश कर रही है। इंसानी अधिकार हमारे अस्तित्व और दुनिया में आत्मसम्मान से रहने की गारंटी होते हैं। हमारी भौतिक और आत्मिक सुरक्षा बरकरार रखते हुए लगातार तरक्की में अहम होते हैं। इसके अंतर्गत भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, शोषण से रक्षा का अधिकार, प्रवास का अधिकार, बाल शोषण, उत्पीडन पर रोक, महिला हिंसा, असमानता, धार्मिक हिंसा पर रोक जैसे कई मजबूत कानून बनाए गए हैं। यही वजह है कि हर लोकतांत्रिक देश मानवाधिकार अधिकारों की सशक्त पैरवी करते नजर आते हैं।

इस दुनिया में जो भी मानव जन्म लेता है उसके साथ उसके कुछ अधिकार भी वजूद में आते हैं। कुछ अधिकार हमें परिवार देता है तो कुछ समाज, कुछ अधिकार हमारा मुल्क देता है, तो कुछ दुनिया। लेकिन आज भी दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो या तो अपने अधिकारों से अंजान है या उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कभी जात के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर, कभी लिंग भेदभाव के जरिए तो कभी रंग भेद नीति को अपनाकर लोगों के इन अधिकारों को कुचला जा रहा है। हर तबके, हर शहर और दुनिया के कोने-कोने में किसी न किसी वजह से लोगों को बराबरी के हक से महरूम रखने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इतिहास गवाह है कि दुनिया में हुई बड़ी से बड़ी क्रांति के पीछे अधिकारों का हनन ही अहम वजह रही है। हमेशा ही अपने अधिकारों के लिए इंसान को लंबी जंग लडनी पड़ी है। दुनिया में तमाम जगह लोगों ने अपन हक की लड़ाई में लाखों कुर्बानियां दी हैं और आज भी बहुत से लोग अपने अधिकारों की जंग लड़ रहे हैं।

मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कानून बनाये गए और उनको लागू करने या करवाने के लिए प्रयास भी हो रहे हैं। लेकिन वह सिर्फ कागजी दस्तावेज बन कर रह गए हैं। समाज में मानवाधिकारों के होने वाले उल्लंघन के प्रति अगर मानव ही जागरूक नहीं है तो फिर इनका औचित्य क्या है? देखे तो पता चलेगा की कितने मानवाधिकारों का हनन मानव के द्वारा ही किया जा रहा है। मानव के द्वारा मानव के दर्द को पहचानने और महसूस करने के लिए किसी खास दिन की जरूरत नहीं होती है। अगर हमारे मन में मानवता है ही नहीं तो फिर हम साल में पचासों दिन ये मानवाधिकार का झंडा उठा कर घूमते रहें कुछ भी नहीं किया जा सकता है।

सरकार भी मानवाधिकारो का हनन रोक पाने में पूर्णतया सफल नहीं हो पा रही है। देश में आये दिन मानवाधिकार हनन की घटनायें घटित होती रहती है। मगर सरकारी स्तर पर शख्त कार्यवाही अमल में नहीं लायी जाती है। जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति पर रोक लग सके। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि तमाम प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अन्तरर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय सरकारी और गैर सरकारी मानवाधिकार संगठनों के बावजूद मानवाधिकारों का लगातार हनन होता रहता है।

संपादकीय

बाबरी बनाम राम मंदिर

तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने कुछ मुस्लिम चेहरों के साथ बाबरी मस्जिद की नींव रखी, तो दूसरी तरफ बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस, बाबा बागेश्वर और कई साधु-संतों ने, एक व्यापक जन-सैलाब के साथ, 'गीता पाठ' किया। बाबरी मस्जिद से 11 किमी की दूरी पर 'बहरामपुर' में राम मंदिर बनाने का उद्घोष किया गया। इन दोनों फैसलों और कर्मकांडों का धार्मिक आस्था से कोई सरोकार नहीं है। ये सांप्रदायिक, हिंदू बनाम मुसलमान, जमावड़े थे, जिनकी मानसिकता में अप्रैल-मई, 2026 के विधानसभा चुनाव उमड़-घुमड़ रहे थे। बेशक प्रभु श्रीराम समूचे भारत के जनमानस के सबसे अधिक स्वीकार्य और पूजनीय आराध्य हैं। राम के जीवन-चरित पर सबसे अधिक, प्रमुख भाषाओं में, 'रामायण' का सृजन किया गया है। यदि हमारे आराध्य का एक और मंदिर बनाया जाता है, तो वह विवादास्पद नहीं हो सकता, क्योंकि बहुसंख्यक हिंदू 'मूर्ति पूजक' हैं, लेकिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में आराध्य का भव्य मंदिर बन चुका है। मंदिर के शिखर पर सनातन की प्रतीक 'धर्म-ध्वजा' भी सुशोभित की जा चुकी है। देश भर से लाखों श्रद्धालु अपने आराध्य श्रीराम के दर्शन करने और मत्था टेकने अयोध्या जा रहे हैं। राम मंदिर का सम्मान किसी तीर्थ-स्थान से कमतर नहीं है, लिहाजा एक और राम मंदिर के उद्घोष का औचित्य क्या है? देश में आज भी प्रभु राम के असंख्य मंदिर हैं, जहां अनवरत पूजा-पाठ जारी है। बेशक राम के नाम पर ध्रुवीकरण और सामुदायिक लामबंदी जरूर की जा सकती है। चुनाव के मद्देनजर उनका महत्व भी निर्णायक है। यकीनन हिंदुओं अथवा ऐसे आस्थावानों के ध्रुवीकरण से भाजपा को चुनावी फायदा सर्वाधिक होता रहा है। स्वतंत्र भारत में बाबर जैसे विदेशी आक्रांताओं के स्मारक के तौर पर मस्जिद बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। भारत अब एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र है, उसमें बाबर का स्मारक स्वीकार्य नहीं है। मुस्लिम मस्जिद बनाना चाहते हैं, तो सरकार से बाकायदा इजाजत लें और पैगंबर मुहम्मद के नाम पर मस्जिद बनाएं। किसे आपत्ति होगी? हालांकि राजधानी दिल्ली में 'बाबर रोड' आज भी मौजूद है। ऐसे और भी स्मारक बाबर के नाम पर देश में होंगे, लेकिन नए प्रयास, नए शिलान्यास, नए निर्माण को नहीं होने देना चाहिए। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कथित बाबरी मस्जिद की नींव नहीं रखने देनी चाहिए थी। भाजपा के जो चेहरे चीखा-चिल्ली कर बाबरी का विरोध कर रहे थे, उन्हें भी नींव का पुरजोर विरोध करना चाहिए था। मुख्यमंत्री को अपने ही बागी विधायक को गिरफ्तार कराना चाहिए था, लेकिन बाबरी मस्जिद की प्रतीकात्मक नींव रख दी गई और वह तबका अपनी सांप्रदायिकता में कामयाब रहा। ममता को मुर्शिदाबाद की 24 विधानसभा सीटों पर 65 फीसदी से ज्यादा मुसलमानों के वोट की चिंता थी, तो ममता हिंदुओं के वोट भी छोड़ नहीं सकती थी। बंगाल में 35-40 फीसदी हिंदू वोट ममता की पार्टी के पक्ष में भी जाते हैं, लिहाजा मुख्यमंत्री ने विधायक को निलंबित ही किया।

चिंतन-मनन

चैतन्य रहें

एक बार दो देवताओं में विवाद हो गया कि भाग्य बड़ा है या पुरूषार्थ? विवाद हर व्यक्ति के मन में पैदा होता है, चाहे मनुष्य हो, चाहे देवता हो। निश्चित हुआ, परीक्षा करें। एक देवता ने कहा- देखो! भाग्य बड़ा नहीं होता, पुरूषार्थ बड़ा होता है। दूसरे ने कहा- नहीं! उस आदमी को देखो। तुम्हें साक्षात प्रमाणित करूंगा कि पुरूषार्थ बड़ा नहीं होता, भाग्य बड़ा होता है। पति-पत्नी जा रहे थे। देवता ने रास्ते के बीच रत्नों का ढेर लगा दिया। रत्न ही रत्न बिखेर दिए। जब आस-पास आए, पत्नी ने कहा- अभी तो हमारी आंखे अच्छी हैं, हम देख सकते हैं, हमें सब कुछ दिखाई देता है। कभी ?सा भी हो सकता है कि बुढ़ापा आने के साथ-साथ हमारी आंखें चली जाएं, हम अन्धे हो जाएं। फिर काम कैसे चलेगा? पति ने कहा - परीक्षा कर लें। देखें, कैसे काम चलेगा? दोनों ने आंखों पर पट्टी बांध ली। दोनों चले। जहां रत्न बिखरे हुए पड़े थे, ढेर लगा था आस-पास में, उससे आगे निकल गए। कुछ आगे जाकर पति बोला- आंखो के बिना काम तो चल जाएगा, ?सी कोई बात नहीं है। खोल लो पट्टी। पट्टी खोल ली। देवता ने कहा - देखा तुमने! भाग्य में नहीं था, कुछ नहीं मिला। भाग्य बड़ा है पुरूषार्थ से। भाग्य और पुरूषार्थ की चर्चा को हम छोड़ दें किन्तु इस बात को हम नहीं छोड़ेंगे कि जब तक आंख पर मूर्च्छा की पट्टी बंधी हुई है, तब तक हमारे आस-पास में, हमारे सामने, दाएं-बाएं, चारों तरफ जो सम्पदा बिखरी पड़ी है, उसका हमें कुछ भी पता नहीं चलता। हम उस सम्पदा से अनजान रह जाते हैं।

75 साल बाद संसद में वंदे मातरम की राजनीति?



सनत जैन

नई पीढ़ी जानेगी वंदे मातरम का इतिहास, मां किसी से भेदभाव नहीं करती...

स्वतंत्र भारत की संसद में 75 वर्षों के बाद 'वंदे मातरम' पर हुई चर्चा पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए एक राजनीतिक प्रयास के रूप में शुरू हुई। वंदे मातरम की यह चर्चा एक गीत या नारे तक सीमित नहीं रही। यह बहस प.बंगाल के चुनाव में धार्मिक ध्रुवीकरण, उसकी सांस्कृतिक चेतना और एकता के भाव को समझने का अवसर भी बन गई। संसद में सभी राजनीतिक दलों और सभी सांसदों ने एकजुट होकर वंदे मातरम के पक्ष में बढ़-चढ़कर अपने विचार व्यक्त किये।वंदे मातरम सिर्फ एक गीत नहीं है। बल्कि वह स्वर है, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान करोड़ों लोगों के हृदय में देशभक्ति की ज्योति जगाई थी। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत आज भी राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। इसके बोल हर किसी को राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत कर देते हैं।संसद में इस विषय पर हुई चर्चा का सबसे बड़ा महत्व यह है, नई पीढ़ी को वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व को जानने और समझने का अवसर मिलेगा। युवा पीढ़ी सोशल मीडिया और तकनीक की दुनिया में व्यस्त है। ऐसे विषय पर संसद में जो सार्थक बहस हुई है। वर्तमान पीढ़ी को सोशल मीडिया के माध्यम से बेहतर तरीके से स्वतंत्रता के इतिहास और वर्तमान में प.बंगाल के चुनाव में इस नारे का क्या महत्व है। यह जानने का अवसर मिलेगा। युवा पीढ़ी यह जान सकेगी राष्ट्र की पहचान केवल वर्तमान से नहीं, बल्कि उसके गौरवपूर्ण अतीत से भी बनती है। अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति को इस नारे ने विफल कर दिया था। धर्म, भाषा, प्रांत, गरीब और अमीर सब इस नारे से प्रभावित होकर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े थे। संसद में बहस के दौरान यह बात भी उभरकर सामने आई। 'मां' किसी से भेदभाव नहीं करती है। वंदे मातरम में जिस मां की वंदना की गई है। वह भारत माता है।जो अपने सभी बच्चों को बिना किसी भेदभाव के समान दृष्टि से देखती है। चाहे वह किसी भी भाषा, धर्म, जाति या किसी भी क्षेत्र से हो। यह गीत किसी एक वर्ग, समुदाय या धर्म का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का है। वंदे मातरम को संकीर्ण नजरिये से देखना ना केवल इसके भाव को सीमित करता है। बल्कि राष्ट्रीय एकता अखंडता और भारतीय संस्कृति को भी चोट पहुंचाता है।

हाल के वर्षों में वंदे मातरम को लेकर समय-समय पर राजनीतिक लाभ के लिए विवाद खड़े होते रहे हैं। कुछ राजनीतिक दल पश्चिम बंगाल की विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए, वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर इसे विवाद का विषय बना रहे हैं। संसद में जिस तरह से सभी राजनीतिक दलों ने स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में वंदे मातरम के इस नारे ने स्वतंत्रता की जो लो आम जनमानस के बीच में जगाई थी। सबने बढ़ चढ़कर इस नारे के औचित्य को समझाया।संसद में हुई बहस ने यह स्पष्ट किया, देशभक्ति किसी पर थोपी नहीं जा सकती है, अभिव्यक्ति के माध्यम अलग-अलग भी हो सकते हैं। यह दिल से उपजने वाली भावना है। वंदे मातरम का सम्मान करना और उसके भाव को समझना सभी नागरिक अच्छी तरह से जानते हैं। कोई भी अपनी जन्मभूमि को छोड़ना नहीं चाहता है। हां अभिव्यक्ति के तरीके जरूर अलग-अलग हो सकते हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले इसे विवाद का विषय बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। आज जरूरत इस बात की है, हम वंदे मातरम जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों को राजनीति से ऊपर उठकर देखें। यह गीत सारे भारत को एक साथ जोड़ता है। इसका एक-एक शब्द सारे भारत का प्रतिनिधित्व करता है। संसद में हुई बहस नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका, संघर्ष और राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने में संसद की यह चर्चा सार्थक साबित होगी। वंदे मातरम के नारे का जन्म पश्चिम बंगाल से हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम में इसके नारे देश के सभी प्रांतों मे गूंजे। दुनिया में सैकड़ो रामायण विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित हुई हैं। सब में अलग-अलग तरीके से राम का वर्णन किया गया है। ठीक उसी तरह स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में वंदे मातरम गीत को प्रत्येक भाषा में अलग-अलग तरह से इसे विभिन्न बोल और विभिन्न भाषाओं में अलग-अलग संगीत की धुन में गाया गया है। वंदे मातरम में प्रत्येक गीत और संगीत में एक सा भाव है। वंदे मातरम के इस नारे से हमने स्वतंत्रता पाई है। अंग्रेजों के फूट डालो और राज करो की नीति को सफल नहीं होने दिया। जैसे ही इस नारे ने भारत को एकजुट किया। अंग्रेजों को देश छोड़कर भागना पड़ा। संसद में वंदे मातरम विषय पर जो बहस हुई है। प्रत्येक सांसद ने वंदे मातरम के पक्ष में बड़ी मजबूती के साथ अपना पक्ष रखा। वंदे मातरम को लेकर जो राजनीति पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के तारतम्य में प्रयास किया जा रहा है। उसमें कितनी सफलता मिलेगी, यह तो भविष्य ही तय करेगा। संसद में जिस तरह से सांसदों ने वंदे मातरम को लेकर ऐतिहासिक तथ्य प्रस्तुत किए हैं। संसद में हुई बहस ने नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन और वंदे मातरम के महत्व को समझाने में जरुर मदद की है। प. बंगाल में धार्मिक ध्रुवीकरण का जो प्रयास वंदे मातरम के माध्यम से करने के प्रयास को कितनी सफलता मिलेगी? यह कहना मुश्किल है।

गोवा हादसा: झुलसती संवेदनाएं और नाकाम होती व्यवस्था

ललित गर्ग

एक बार फिर एक भीषण आग ने 25 मासूम जिंदगियों को छीन लिया। गोवा के नाइट क्लब में हुई यह त्रासदी केवल आगजनी नहीं, बल्कि हमारे सिस्टम की जड़ता, गैर-जिम्मेदारी और नैतिक पतन की ज्वलंत मिसाल है। गोवा का जो नाइट क्लब आग की चपेट में आया, वह नियमों की अनदेखी करके तो चलाया ही जा रहा था, उसमें आग से बचाव के उपाय भी नहीं किए गए थे। रही-सही कसर इससे पूरी हो गई कि नाइट क्लब में आने और जाने का रास्ता बेहद संकरा था। आग की चपेट में आने वालों की संख्या इसलिए अधिक बढ़ गई, क्योंकि बचने के लिए उन्होंने जिस रास्ते को सुरक्षित समझा, वहां पहले से ही लोग फंसे हुए थे। इस तरह से आनंद और उत्सव का स्थल अचानक जीवन समाधि में बदल गया, वह अनेक सवाल हमारे सामने खड़े करता है, क्या हम सीखने की क्षमता खो चुके हैं? क्यों हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजा घोषित होता है, कुछ दिन हंगामा होता है और फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है? पूर्व में मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, सूरत और अनेक शहरों में समान दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। होटल, मॉल, थिएटर, अस्पताल, फैक्ट्री, कोचिंग सेंटर-लापरवाही की आग में झूलसनों वालों की संख्या बढ़ी है, लेकिन हमारी संवेदनशीलता का स्तर छोटा होता जा रहा है। आगजनी की घटनाओं का सिलसिला तो लगातार है, परंतु सुरक्षा मानकों के प्रति हमारी उदासीनता और घोर लापरवाही भी उतनी ही स्थायी है। यह बात स्पष्ट है कि हादसे किसी तकनीकी गलती का परिणाम भर नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और राजनीतिक मिलीभगत की देन भी हैं।

गोवा अपनी पहचान पर्यटन से बनाता है। नाइट लाइफ, समुद्री तटों का आनंद, मनोरंजन गतिविधियां और विदेशी पर्यटक इसका स्वाभाविक आकर्षण हैं। ऐसे प्रदेश में इस प्रकार का हादसा केवल मानवीय त्रासदी नहीं, बल्कि छवि और अर्थव्यवस्था का गहरा नुकसान भी है। भारत की टूरिज्म इंडस्ट्री पहले ही प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा को लेकर चुनौतियों से जूझ रही है। यह घटना विश्व के सामने एक सवाल बनकर खड़ी है-क्या भारत सुरक्षित पर्यटन देश है? क्या यहां गैर-जिम्मेदाराना ढांचे और भ्रष्ट तंत्र के बीच किसी का जीवन सुरक्षित रखा जा सकता है? इस प्रकार के हादसों में दो बड़े चरित्र सामने आते हैं-सरकार की सुस्ती और आयोजकों की लालचपूर्ण मानसिकता। अधिकांश नाइट क्लब, बार, पार्क या मनोरंजन स्थल ऐसे होते हैं जहां प्रवेश शुल्क, अवैध संचालन और आर्थिक लाभ का बड़ा खेल चलता है। इमारतों की मंजूरी, फायर सुरक्षा की अनुमति, बिजली के तारों का रखरखाव, निकास मार्ग-ये सभी चीजें फाइलों में तो दर्ज होती हैं, लेकिन जमीन पर गायब रहती हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की सजगता की जगह 'संबंध' और 'सुविधा शुल्क' काम करता है। निरीक्षण के नाम पर औपचारिकता ढहती है और बीते हुए हादसे केवल याद बनकर रह जाते हैं। नाइट क्लब तक पहुंचने का रास्ता इतना संकरा है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को 400 मीटर दूर खड़ा होना पड़ा। सजावट के लिए ताड़ के सूखे पत्तों का इस्तेमाल किया गया था, जिसने आग और भड़का दी। भीड़भाड़ वाली जगहों पर एंट्री से ज्यादा महत्वपूर्ण इमरजेंसी एग्जिट पॉइंट्स होते हैं, लेकिन इस क्लब में लगता है कि इसकी भी कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे कई लोग भटक कर किचन में पहुंच गए, जहां से बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। यह नाइटक्लब बिना मंजूरी के चल रहा था। लोकल अथॉरिटी के मुताबिक, निर्माण अवैध था।

